कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

www.nnindianews.com

वर्ष :03, अंक :-285, पृष्ठ : 12 | मूल्य- 04.00 रुपये मात्र | गुरुवार, 25 अप्रैल, 2024

हर ख़बर पर पक्की नज़र


# जनसभा में बेसब्री से हो रहा पीएम का इंतजार



एनएनआई

**आगरा।** कोठी मीना बाजार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा के लिए मंच सजा हुआ है। बस बेसब्री से इंतजार है प्रधानमंत्री के पहुंचने का। भीड़ मोदी को सुनने के लिए उत्साहित दिखाई दे रही है। सभा स्थल पर रफ्ता-रफ्ता भीड़ लगातार बढ़ रही है। प्रधानमंत्री मोदी के जनसभा स्थल पर दोपहर डेढ़ बजे के आसपास पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। मंच पर भाजपा नेता फोटो सेशन में लगे हैं। कार्यकर्ता और पदाधिकारी जनसभा को लेकर उत्साहित दिखाई दे रहे हैं। जनसभा स्थल की राहों में मोदी को सुनने वाले कार्यकर्ता टोलियों में जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस और प्रशासन के



अधिकारी भी पूरी तरह मुस्तैद हैं। चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात है। आसपास के इलाके मकानों की छतों से पुलिस के जवान हरगतिविधि पर पैनी निगाहें रखे हुए हैं।

# सरहदी इलाके में वायुसेना का प्लेन क्रैश, दहशत में लोग

**जैसलमेर।** राजस्थान के जैसलमेर में आज सुबह भारतीय वायुसेना का विमान क्रैश हो गया। इससे इलाके में दहशत फैल गई। वायुसेना का टोही विमान जैसलमेर के

**राजस्थान के जैसलमेर में आज सुबह हुआ हादसा, ग्रामीणों ने आग पर पाया काबू**



पिथला गांव के समीप क्रैश हुआ। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन के साथ-साथ वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। गौरतलब है कि जैसलमेर में पूर्व में भी टोही विमान गिरने के हादसे हो चुके हैं। जानकारी के मुताबिक जैसलमेर में पिथला गांव के समीप एक खेत में सुबह करीब 10 बजे भारतीय वायुसेना का टोही विमान क्रैश हो गया। मानव रहित प्लेन क्रैश होने से इलाके में दहशत फैल गई। इससे किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। विमान के गिरने के बाद घटनास्थल पर आसपास के लोग भी जुट गए। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद विमान में लगी आग पर काबू पाया। सूचना मिलते ही जिला प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। कुछ देर बाद ही एयरफोर्स के अधिकारी और अन्य कार्मिकों की टीम ने मौकास्थल पर पहुंचकर विमान को कब्जे में लिया। बताया जाता है कि तकनीकी खामी के कारण विमान गिर गया। फिलहाल, एयरफोर्स के अधिकारी हादसे की जांच में जुटे हुए हैं।

## लोकसभा के दूसरे चरण का मतदान कल

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार अभियान थम चुका है। इस चरण में कल 26 अप्रैल को 13 राज्यों की 89 सीट पर मतदान होगा। सात चरण में हो रहे चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर लगभग 65.5 प्रतिशत मतदान हुआ था। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में केरल की सभी 20, कर्नाटक की 28 में से 14, राजस्थान की 13, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की 8-8, मध्य प्रदेश की 7, असम और बिहार की 5-5, छत्तीसगढ़ व पश्चिम बंगाल में 3-3, मणिपुर, त्रिपुरा और जम्मू-कश्मीर में 1-1 सीट पर मतदान होगा।











## कन्नौज से अखिलेश यादव आज कर रहे नामांकन

**कन्नौज।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव आज कन्नौज लोकसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल करने जा रहे हैं। सपा ने सोशल मीडिया मंच एक्सह्र पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। वह आज दोपहर 12 बजे नामांकन पत्र दाखिल कर रहे हैं। पार्टी के प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने इस बात की पुष्टि की। इससे पहले इटावा में विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के कार्यकर्ता सम्मेलन से इतर संवाददाताओं ने यादव से पूछा था कि कन्नौज से मौजूदा सपा प्रत्याशी तेज प्रताप सिंह ही चुनाव लड़ेंगे या वह खुद भी चुनाव लड़ सकते हैं, तो उन्होंने कहा, देखिए.. जब नामांकन होगा तो आपको खुद पता लग जाएगा और हो सकता है कि नामांकन से पहले ही आपको जानकारी मिल जाए।

# सैमरा के कुश्ती दंगल मेला में पहलवानों ने दिखाये दांवपेंच

**आज भी होगा विशाल कुश्ती दंगल में होंगी लाखों रुपये की कुश्ती,रात्रि में होगा रसियों का दंगल**



एनएनआई

**खंदौली (आगरा)।** विकास खण्ड क्षेत्र के गांव सैमरा के 124 वें बाबा ठा. गुलाब सिंह चौहान के ऐतिहासिक श्रीराम कुश्ती दंगल मेला को देखने दूर दराज एवं पड़ोसी जिलों से हजारों की संख्या में लोग उमड़ पड़े थाना खंदौली पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के बेहतर इंतजाम किये गये थे बुधवार को पहले दिन के कुश्ती दंगल में शाह हॉस्पिटल आगरा के निदेशक डॉ प्रवीण सिसोदिया के द्वारा सभी कुश्तियां कराई गई ।

जो 51 रुपये दे शुरू हुई और आखिरी दो कुश्ती 51-51 हजार रुपये की कराई वहीं मेला में बच्चों व युवाओं ने झूलों में झूलकर आनन्द लिया और महिलाओं ने जमकर घरेलू सामान की खरीदारी की । डॉ प्रवीण सिसोदिया का मेला कमेटी ने साफा बांधकर उन्हें सम्मानित किया । कुश्ती दंगल मेला में मेला व्यवस्थापक जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि बब्बू चौहान ,ग्राम प्रधान संदीप दिवाकर मेला संयोजक रामप्रकाश चौहान,डॉ गजेन्द्र सिंह चौहान,बिल्लोच सिंह चौहान,धनवीर सिंह,मोहन सिंह चौहान चोपार अध्यक्ष सौरभ चौहान कोषाध्यक्ष सुमित राठौर बबलू राठौर, गोविंदा चौहान लहलर, शीतल सिंह राठौर आदि मौजूद रहे।

# अछनेरा में हुआ ऐतिहासिक कुश्ती दंगल



एनएनआई

**अछनेरा।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अछनेरा के गांव बबरौद में ऐतिहासिक दंगल का आयोजन किया गयाइस दौरान ग्राम प्रधान राजेश शर्मा ने पहलवानों का उत्साहवर्धन करते हुए कुश्ती दंगल का फीता काटकर जोरदार शुभारंभ किया इस दंगल में क्षेत्रीय पहलवानों के साथ साथ विभिन्न राज्यों से आए पहलवानों ने भाग लिया इस ऐतिहासिक कुश्ती दंगल में कुल 150 जोड़ी कुश्तियों को शामिल किया गया जिसमें 32 बड़ी कुश्तियां शामिल थीं इनमें से सबसे रोमांचक कुश्ती रामेश्वर पहलवान हाथरस और गोविंदा पहलवान बसैया सांधन के बीच रही जो 51 हजार रुपये की पुरस्कार राशि के लिए भिड़ी यह कुश्ती बराबरी पर छूटी, जिससे दर्शक उत्साहित हो गए।ग्राम प्रधान राजेश शर्मा ने बताया कि कुश्ती हमारी सांस्कृतिक धरोहर का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस कुश्ती दंगल में 100 रुपये से लेकर 51 हजार रुपये तक की पुरस्कार राशि वाली कुश्तियां आयोजित की गईं इस दौरान-घनश्याम पहलवान, कॉलम पहलवान,राकेश शर्मा, सत्यपाल गौतम,हाशिम कुरैशी, ललित ठाकुर,वीके ठाकुर, परवीन,कुंदन लोधी,गजेंद्र लोधी, विंदल,ऊदल पहलवान,हरिया पहलवान सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# अछनेरा पुलिस के हत्थे चढ़े चार वारन्टी

**(एनएनआई) अछनेरा।** लोकसभा चुनावों को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस आयुक्त जे रविंदर गौड़ ने सभी थाना प्रभारियों को वांछित/वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध धड़पकड़ अभियान चलाने के निर्देश जारी किए हैं इसी क्रम में आज थाना अछनेरा पुलिस ने डीसीपी पश्चिमी सोनम कुमार एसीपी पूनम सिरोही के निर्देशानुसार त्वरित कार्यवाही करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है थाना प्रभारी डीपी तिवारी ने बताया कि वांछित चल रहे चार अभियुक्त निरंजन पुत्र उम्मेदी गांव साधन, इन्द्रपाल पुत्र महेंद्र गांव साधन, गोविंद पुत्र निरंजन गांव साधन, केदारी पुत्र सलाउद्दीन गांव साधन थाना अछनेरा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है थाना प्रभारी डीपी तिवारी ने बताया कि यह अभियान निरन्तर जारी रहेगा।



## अज्ञात वाहन की चपेट में आने पर एक बाइक सवार की मौत

**अछनेरा।** बुधवार शाम को विकासखंड अछनेरा के गांव रायभा से घर लौट रहे दो बाइक सवारों की अज्ञात वाहन की चपेट में आने दर्दनाक हादसा हो गया इस हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई जब कि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया मृतक की पहचान बीस वर्षीय योगेश पुत्र पप्पू निवासी सींगना बुर्ज थाना सिकंदरा के रूप में हुई है वह अपने साथी विक्रम के साथ रायभा से गांव लौट रहा था राहगीरों ने बताया कि गांव कुकथला के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी तेज थी कि योगेश की मौके पर ही मौत हो गई।

## गलती हो जाए तो प्रायश्चित जरूर करें

**(एनएनआई) बाह।** बिक्रमपुर में बुधवार को चौथे दिन भागवत कथा प्रवचन करते हुए आचार्य पुष्पेन्द्र शास्त्री ने कहा कि मनुष्य से गलती हो जाना बड़ी बात नहीं। लेकिन ऐसा होने पर समय रहते सुधार और प्रायश्चित जरूरी है। ऐसा नहीं हुआ तो गलती पाप की श्रेणी में आ जाती है। भक्ति एक ऐसा उत्तम निवेश है, जो जीवन में परेशानियों का उत्तम समाधान देती है। साथ ही जीवन के बाद मोक्ष भी सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने सदैव पृथ्वी का पूजन व रक्षण किया। इसके बदले प्रकृति ने मानव का रक्षण किया। भागवत के श्रोता के अंदर जिज्ञासा और श्रद्धा होनी चाहिए। परमात्मा दिखाई नहीं देता है वह हर किसी में बसता है। इस दौरान सितारीलाल, निर्मला देवी, नागेन्द्र सिंह, रूबी देवी, जयराम सिंह, विनोद कुमार दिवाकर, सहवीर सिंह, पप्पू दिवाकर, हरीदास, सत्यवीर सिंह, विमलेश कुमार, गब्बर सिंह, सिंगराम सविता, अतीश दिवाकर आदि रहे।



**स्वामी वीरेन अग्रवाल** प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित

**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**

RNI Title Code no UPHIN49797

**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**

E MAIL newsnextindia1@gmail.com

Website:-www.nnindianews.com

**(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )**

# इलाज के दौरान हुई मरीज की मौत

एनएनआई

**अछनेरा।** बुधवार को अछनेरा के गोयल क्लिनिक में दवा लेने आये मरीज की अचानक मौत हो जाने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है आपको बता दें कि दवा लेने आए 64 वर्षीय बलवीर सिंह नामक मरीज की इंजेक्शन लगने के बाद मौत हो गई परिजनों ने बताया कि बलवीर सिंह को थोड़ी घबराहट हुई तो वे अपने दोस्त सौदान सिंह के साथ गोयल क्लिनिक में डॉक्टर बैनी माधव से उपचार के लिए गए डॉक्टर ने उन्हें इंजेक्शन लगाया इंजेक्शन लगने के कुछ देर बाद ही बलवीर सिंह की हालत बिगड़ गई और



उनकी मौत हो गई मौत की खबर सुनते ही गुस्साए परिजन और ग्रामीण इकट्ठा होकर क्लिनिक पहुंच गए परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को शांत कराते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया परिजनों ने पैनल के द्वारा पोस्टमार्टम कराने की मांग की है थाना प्रभारी डीपी तिवारी ने बताया कि डॉक्टर को थाने लाया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

**निकाली गई आमंत्रण यात्रा**



आमंत्रण यात्रा भारतीय जनता युवा मोर्चा शिवाजी मंडल अध्यक्ष आनंद गोस्वामी के द्वारा अवधपुरी चौराहा, से प्रारंभ होकर शंकर गढ़ पुलिया, पृथ्वीनाथ, शाहगंज ,रामनगर पुलिया, मारुति स्टेट ,कलाकुंज, होकर अवधपुरी चौराहा पर बाइक रेली समापन हुई यात्रा में आनंद गोस्वामी मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा ,धर्मेंद्र धाकड़ ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष, विजय बंसल, संजय गोस्वामी, वेदप्रकाश,सोनू यादव, गुलशन कुमार,अनुराग,अमन अमरदीप, रोहित, राजेश, दिव्यांश, सौरभ, लाला,नेत्रपाल, एमसी शर्मा, के.पी.कुशवाह शशिकांत उपाध्याय नितिन नारायण जी ललित कुमार एवं कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष
# न्यूज नेक्स्ट इंडिया
अपना ब्रज
गुरुवार, 25 अप्रैल, 2024 www.nnindianews.com
NNI हर खबर पर पक्की नजर


दूध में जहर मिलाकर बेटों को पिलाया, फिर खुद पिया

## बच्चों की मौत, मां की हालत गंभीर

अलीगढ़। अतरौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पिलखुनी में एक महिला गृहक्लेश के चलते अपने दो बेटों के साथ खुद भी विषाक्त पदार्थ खा लिया। इससे दोनों बच्चों की मौत हो गई, जबकि महिला गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। चर्चा है कि पति के शराब की लत से परेशान होकर महिला ने यह आत्मघाती कदम उठाया।

खबर पाकर महिला के मायके वाले भी कोतवाली पहुंचे और घटना के लिए महिला के पति और परिवार को दोषी ठहराया। गांव पिलखुनी निवासी कन्हैया बघेल पुत्र नेत्रपाल सिंह ई रिक्शा चलाते हैं। पांच साल पहले उनकी शादी आरती (28) निवासी एटा के साथ हुई थी। दोनों के दो बेटे पवन (3) और अमन (3 माह) थे। पड़ोसियों के अनुसार दंपती के बीच किसी न किसी बात पर आए दिन विवाद होता रहता था। 23 अप्रैल को भी उनके बीच झगड़ा हुआ था। इससे गुस्साई आरती ने 23 अप्रैल की दोपहर करीब दो बजे दूध में विषाक्त पदार्थ मिलाकर अपने दोनों बच्चों को



पिला दिया। इसके बाद खुद भी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। इससे कुछ देर बाद ही तीनों की हालत बिगड़ने लगी तो वह चीखने-चिल्लाने लगे। शोर सुनकर पड़ोसी दौड़कर पहुंचे तब उन्हें जानकारी हुई। तत्काल ही लोग तीनों को अतरौली के एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां से हालत खराब होने पर डिबाई के निजी अस्पताल ले गए। वहां देर रात दोनों बच्चों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं आरती की हालत गंभीर होने पर परिवार वाले जेएन मेडिकल कॉलेज ले गए हैं। घटना के बाद से पति नदारद है। जहर देने की घटना मंगलवार को हुई थी, लेकिन पुलिस को घटना की जानकारी दूसरे दिन बुधवार को हुई थी। गांव के लोग व परिजन जहर खाने के चलते हुए घटना के कारण तीनों को सरकारी अस्पताल नहीं ले गए। वह कानूनी प्रक्रिया से डर रहे थे। लोगों में चर्चा रही कि तत्काल ही सरकारी अस्पताल ले जाया जाता तो जान बच सकती थी।

## बाइक डिवाइडर से टकराई पति की मौत, पत्नी व मासूम गंभीर

**औरैया।** सदर कोतवाली के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गांव भाऊपुर के समीप बेकाबू बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इससे बाइक सवार युवक, उसकी पत्नी व मासूम गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया जबकि पत्नी व पुत्र को गंभीर हालत में कानपुर रेफर कर दिया। कानपुर नगर के थाना नौबस्ता के मोहल्ला संजय गांधी नगर निवासी रामराज सिंह (36) पुत्र जयदेव बुधवार को बाइक से पत्नी रचना (30) व पुत्र नैतिक (पांच) के साथ इटावा से अपने घर कानपुर जा रहे थे। बुधवार की दोपहर लगभग 12 बजे जैसे ही उनकी बाइक सदर कोतवाली के गांव भाऊपुर के पास पहुंची ही थी कि अचानक से बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इससे बाइक सवार रामराज सिंह, उनकी पत्नी रचना व मासूम पुत्र नैतिक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से सभी घायलों को 50 शैय्या जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने रामराज को मृत घोषित कर दिया।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक की मौत

**एटा।** मारहरा कस्बे के बाजार से घर लौट रहे बाइक सवार शिक्षक को किसी वाहन ने रौंद दिया। जिससे शिक्षक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उनका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना क्षेत्र के गांव गोकनी निवासी संतोष (40) मारहरा के चौधरी मतीन्नुजमा जुबैरी स्कूल में अध्यापक थे। मंगलवार की रात 10 बजे वह अपने चचेरे भाई जसवंत सिंह के साथ बाइक से घर वापस जा रहे थे। लल्लूखेड़ा के तिराहे के पास किसी वाहन ने उन्हें रौंद दिया। जिससे संतोष ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। चचेरा भाई जसवंत गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। घायल जसवंत सिंह को इलाज के लिए कासगंज जिला अस्पताल ले गए। जहां से उसे अलीगढ़ रेफर कर दिया।

## कार्टून कोजा




## लिव इन में रह रही युवती का शव फंदे से लटका मिला

**दिबियापुर।** पांच माह से नगर निवासी युवक के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही युवती का शव संदिग्ध अवस्था में फंदे पर लटका मिला। युवती के परिजनों ने हत्या कर शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। सीओ महेंद्र प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। बुधवार की शाम पुलिस को सूचना मिली कि राजरानी महिला महाविद्यालय के पास एक मकान में किराए पर रहने वाली युवती का शव संदिग्ध अवस्था में फंदे से लटका है। दरवाजा अंदर से बंद था। किसी प्रकार से अंदर पहुंची पुलिस ने शव जाल में रस्सी के सहारे फंदे से लटके युवती फफूंद क्षेत्र के गांव सुकंद का पूर्वा निवासी शालिनी (21) पुत्री जयवीर को उतारा। इस बीच सूचना पर पहुंची मृतका की मां सुमन ने बताया कि वह अपनी बेटी शालिनी और अन्य परिजनों के साथ लगभग चार वर्षों से नोएडा में रहती थी। शालिनी घरों में काम करती और बच्चों की देखभाल करती थी। पति राज मिस्त्री का काम करते हैं। इस दौरान किसी प्रकार से शालिनी का संपर्क दिबियापुर के संजय नगर निवासी गैर जातीय युवक से हो गया। नवंबर 2023 में धनतेरस पर दिबियापुर निवासी युवक शालिनी को अपने साथ ले आया। पीड़िता थाने में शिकायत करने जा रही थी, लेकिन कई लोगों ने मिलकर युवक से समझौता करा दिया। आश्वस्त किया कि युवक उसकी बेटी को ठीक से रखेगा। युवक ने शालिनी से शादी नहीं की और दिबियापुर में किराए के मकान में रहने लगा। शालिनी के चले जाने के एक माह बाद वह लोग भी परिवार के साथ दिबियापुर में ही किराए पर आकर रहने लगे थे। सुमन और परिजनों ने युवक और उसके साथियों पर हत्या कर शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सीओ महेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि एक युवक, युवती को पत्नी बताकर किराए के मकान में रह रहा था। युवती का शव फंदे पर लटका मिला है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। साथ में रह रहे युवक की तलाश की जा रही है।

राम जी भंडारे वाले
थाली पूरी 45/-

8 पूरी, 2 सब्जी, रायता, अचार, मिठाई (पैठा/पेड़ा)
पैकिंग चार्ज 5 रु अतिरिक्त
50 पैकिट से ऊपर ऑर्डर पर डिलीवरी निःशुल्क
भंडारा (रिफाइंड)
50 किलो / 11000, 100 किलो / 19000 Rs
भंडारा (देसी घी)
50 किलो / 17000, 100 किलो / 27000 Rs
Mob : 8218820638, 9368713881
फ्रेंड्स टॉवर, संजय प्लेस, आगरा

# दिव्यांश हुआ 25 हजार का इनामी

- महाजन समाज ने किया भाजपा महानगर अध्यक्ष का बहिष्कार
- चुनाव में भाजपा के लिए वोट न करने का किया गया ऐलान





एनएनआई

**आगरा।** पूर्व राज्यमंत्री चौधरी उदयभान सिंह के नाती दिव्यांश चौधरी पर पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया है। दिव्यांश के खिलाफ कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी हो चुके हैं। आरोपी 10 दिन से पुलिस की पहुंच से दूर है। दूसरी तरफ महाजन समाज ने भाजपा महानगर अध्यक्ष भानू महाजन का बहिष्कार करने का एलान किया है। आरोप है कि 15 अप्रैल की रात को अपनी बेटी को कार से लेकर आ रहे जूता कारोबारी पर पूर्व मंत्री चौधरी उदयभान सिंह के नाती दिव्यांश चौधरी ने कार चढ़ाने की कोशिश की थी। उनकी बेटी को टक्कर मारी थी। इसमें पिता-पुत्री के गंभीर चोटें आई थीं। इस मामले में जूता कारोबारी की तहरीर पर शाहगंज थाना पुलिस ने कार से कुचलने की कोशिश सहित अन्य धाराओं में दिव्यांशी चौधरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया, लेकिन अभी तक उसे खोज नहीं सकी। इस मामले में पूर्व राज्यमंत्री ने अपने नाती के समर्थन में प्रेसवार्ता की। जिसमें पीड़ित लड़की पर ही आरोप लगा दिए।

लड़की की फोटो और निजी चैट सबके सामने रखे। इसके विरोध में महाजन भवन जयपुर हाउस में पंजाबी समाज की बैठक हुई। इसमें पंजाबी और महाजन समाज ने एक स्वर में फैसला लिया कि वे चुनाव में भाजपा का बॉयकॉट करेंगे। हींग की मंडी की हर दुकान पर नो वोट टू भाजपा के पोस्टर लगाए जाएंगे। महिलाओं ने भी एलान किया कि वे किसी भी सूरत में भाजपा को वोट नहीं देंगी। इधर घटना के इतने दिनों बाद भी आरोपी दिव्यांश के न पकड़े जाने से पीड़ित परिवार दहशत में है।

### पहले भी कई बार कर चुका है घटना

पीड़ित परिवार ने पत्रकारों को बताया कि आरोपी दिव्यांश इससे पहले उनकी पुत्री के साथ लखनऊ में भी घटना कर चुका है। लखनऊ में मेदान्ता हॉस्पिटल में कार्यरत पुत्री दिव्यांश चौधरी ने जबरन रोका और उसके फ्लेट में अर्धरात्रि में घुसने का प्रयास किया। सिक्योरिटी और पुलिस में शिकायत करने पर दिवांश चौधरी ने लिखित माफी मांगी थी। इसके बाद पिछले साल नवम्बर में दिवांश चौधरी ने घर के निकट बेटी के साथ गाली गलोज कर मोबाइल छीनने का प्रयास किया। शाहगंज थाने में इसकी शिकायत की गई थी। मंत्री के दबाव में पुलिस ने दिव्यांश चौधरी से माफीनामा लिखवाया। इस तरह कई बार आरोपी ने उनकी बेटी को रोका और तेजाब फेंकने की धममी दी।

### मेरे परिवार को कुछ हुआ पूर्व मंत्री होंगे जिम्मेदार

पीड़ित पिता ने कहाकि मुझे और मेरे परिवार को पूर्व मंत्री नाती दिव्यांश चौधरी से जान का खतरा है। अगर उन्हें और उनके परिवार को साथ कोई अनहोनी होती है तो उसके लिए पूर्व मंत्री चौधरी उदय भान सिंह और उनका परिवार जिम्मेदार होगा। उन्होंने प्रेस कान्फ्रेन्स कर पीड़ित परिवार को धमकाया और अभद्र भाषा का प्रयोग कर बेटी पर झूठे लांक्षन लगाए। इससे उनका परिवार बुरी तरह दहशत में है।

# सिलेंडर के बहाने घर में घुसे लुटेरे

## पर्स और सोने की चेन तोड़कर भागे

## महिला के शोर मचाने पर पकड़े गए

एनएनआई

**आगरा।** महिला ने जिसे गैस एजेंसी का हॉकर समझा वो लुटेरा निकला। महिला का पर्स छीनने के बाद चेन लूट ली। इस दौरान महिला के शोर मचाने पर लोगों ने उसे दबोच लिया। घर में सिलेंडर देने के बहाने आए दो बदमाश महिला के गले से चेन और पर्स लूटकर भागने लगे। महिला के शोर पर लोगों ने एक बदमाश को पकड़ लिया। बाद में दूसरा भी पकड़ा गया। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। ट्रांस यमुना निवासी मुकेश प्रताप सिंह रेलवे में सहायक स्टेशन मास्टर हैं। घर में पत्नी पूनम अकेली थीं। इसी दौरान दो लोग खाली सिलेंडर लेकर पहुंचे। वह हॉकर समझीं। सिलेंडर के रुपये लेकर आने लगीं। इस दौरान एक लुटेरे ने उनके हाथ से पर्स और गले से सोने की चेन तोड़ ली। यह देखकर पूनम ने शोर मचाया। इस पर लोग आ गए। एक को पकड़ लिया।। इधर सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। पीआरवी के सिपाही दिनेश और अतुल उसे ले जा रहे थे। तभी दूसरा भी आ गया। उसे पूनम ने पहचान लिया। इस पर पुलिस ने उसे भी पकड़ लिया। पुलिस दोनों से सख्ती से पूछताछ कर रही है।

## मेयर के भतीजे ने फाड़ी सिपाही की वर्दी, गिरफ्तार

**आगरा** (एनएनआई)। मेयर के भतीजे ने सिपाही से अभद्रता की। इतना ही नहीं उसने सिपाही की वर्दी तक फाड़ डाली। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। अब मेयर भतीजे के पक्ष में उतर आईं हैं। उन्होंने कहाकि भतीजे को पुलिस झूठा फंसा रही है। आदर्श नगर, रकाबगंज निवासी आकाश चौधरी की बुआ मेयर हेमलता दिवाकर कुशवाहा हैं। कल अपराह्न 3 बजे आकाश अपने साथी सोहेल और दो अन्य के साथ बिजलीघर पर ई-बस में चढ़ रहे थे। इस दौरान उसका हाथ बस के दरवाजे में आ गया। इससे खून निकल आया। इस पर उन्होंने परिचालक शिव कुमार से शिकायत की। आरोप लगाया गया कि आकाश ने शिव कुमार से अभद्रता की। चालक आया तो उससे भी भिड़ गया। बस का शीशा तोड़ दिया। हंगामा होता देखकर लोग जुट गए। मार्ग पर जाम लग गया। सूचना पर ट्रैफिक पुलिस के सिपाही राजेश कुमार पहुंचे। उनसे भी अभद्रता की। शर्ट की कॉलर फाड़ दी। बाद में थाना पुलिस पहुंच गई। आरोपी को पकड़ लिया। थाना प्रभारी का कहना है कि आकाश और उसके साथी नशे में थे। उन्होंने थाने में भी पुलिसकर्मियों को धमकाया। इस पर परिचालक की तहरीर पर सरकारी कार्य में बाधा, मारपीट, तोड़फोड़, गालीगलौज, जान से मारने की धमकी की धारा में केस लिखा है। दो आरोपी आकाश और सोहेल को गिरफ्तार कर लिया है।

### इंजेक्शन लगाने के बाद गई मरीज की जान

आगरा। अछनेरा कस्बा के भरतपुर रोड स्थित गोयल क्लीनिक पर बलवीर सिंह (64) घबराहट होने पर दोस्त सौदान सिंह के साथ पैदल दवा लेने पहुंचे। जहां डॉ. बेनी माधव ने इंजेक्शन लगाया। इसके कुछ देर बाद बलवीर की हालात बिगड़ गई और थोड़ी ही देर बाद दम तोड़ दिया। इस परिवार के लोगों हंगामा किया। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया और डॉक्टर को हिरासत में ले लिया।


### वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

– प्रबंधक विज्ञापन


# ‘भाग्यविधाता’ को जगाने निकले ‘सरकारी बच्चे’

## सड़कों पर पसीना बहाकर छोटों ने दिया बड़ों को मतदान करने का संदेश

एनएनआई



**एत्मादपुर (आगरा)।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में गिरावट ने ऊपर से नीचे तक सिस्टम की पेशानी पर बल ला दिये हैं। इसके चलते तीसरे चरण में चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों की किस्मत का सात मई को फैसला करने वाले वोटरों (भाग्यविधाता) को शत-प्रतिशत मतदान को प्रेरित करने के लिए सरकारी स्कूल उच्च प्राथमिक विद्यालय (कंपोजिट) के बच्चे चुनाव एंबेसडर बन गए। तहसील प्रशासन और गुरुजी संग मासूमों ने अपनों से बड़ों को लोकतंत्र की रक्षा के दिए अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करने का संदेश देने में सड़कों पर खूब पसीना बहाया। धूप संग गर्मी में नारेबाजी करते हुए उनके हलक सूख गए, लेकिन हाथों में वोट डालने को प्रेरित करने वाले नारे लिखीं तख्तियां थामे होनहारों ने बखूबी अपनी जिम्मेदारी निभाई। तहसील मुख्यालय से आरंभ हुई रैली का समापन नगर भ्रमण के बाद ब्लाक संसाधन केंद्र पर पहुंचकर हुआ।

### स्कूलों के आसपास पुलिस मुस्तैद

एत्मादपुर। स्कूलों के आसपास रास्ते में खड़े होकर बेटियों पर फब्तियां कसने वाले मनचलों की अब खैर नहीं। एसीपी डॉ. सुकन्या शर्मा ने बालिका विद्यालयों के आसपास मंडराने वाले मनचलों को पकड़ने के लिए एंटी रोमियो एस्कार्ट को सक्रिय कर दिया है। नगर में इसका प्रभावी असर भी देखने को मिला। हाइवे स्थित दलित बस्ती सतौली के देसी शराब के ठेका के पास सुबह महिला पुलिस मौजूद रहने के कारण निर्धारित समय से पूर्व ठेके से होने वाली शराब की बिक्री भी पूरी तरह बंद रही। पियक्कड़ सुबह से चक्कर काटते नजर आए, लेकिन उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ा। क्षेत्रीय महिलाओं ने एसीपी के इस कदम की सराहना की है।

## मासूम से गंदी हरकत करने वाला विक्षिप्त गिरफ्तार

एनएनआई

**एत्मादपुर (आगरा)।** गांव की गली में खेल रही मासूम बेटी को बहला फुसला घर ले जाकर उसके साथ गंदी हरकत करने वाले विक्षिप्त युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी के खिलाफ पीड़ित बेटी की मां ने छेड़छाड़ करने का मुकदमा दर्ज कराया है। सहायक आयुक्त पुलिस डॉ. सुकन्या शर्मा के अनुसार पांच वर्षीय मासूम गांव की गली में अन्य बच्चों के संग खेल रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला 25 वर्षीय युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया। बेटी की मां ने बताया कि उसने जब गली में बेटी को आवाज दी तो बच्चों ने बताया कि उसको शिवकुमार अपने घर बुलाकर ले गया है। इस पर मां दौड़कर पहुंचीं तो बेटी रोते हुए मिली। मां ने बताया कि आरोपी ने उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ की है। घटना की जानकारी मिलने पर एसीपी तत्काल मौके पर पहुंचीं और मासूम और उसकी मां से बातचीत की। ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी मानसिक रूप से विक्षिप्त है। थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

कर्तव्य पथ पर सफलता का तृतीय वर्ष

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

अपना आगरा

05

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

गुरुवार, 25 अप्रैल, 2024 www.nnindianews.com

## क्या हुआ तेरा वादा...



एनएनआई

**आगरा।** शहर में पर्यटन कारोबार को बढ़ावा देने में ताजनगरी का हवाई संपर्क सबसे अहम है। एक तरफ देश के छोटे-छोटे शहरों तक को जरूरी न होने पर भी हवाई अड्डे बनाकर एयर कनेक्टिविटी से जोड़ा जा रहा है। वहीं पर्यटन नगरी आगरा इससे वंचित है। सिविल सोसायटी ऑफ आगरा ने इस पर चिंता जताते हुए

- दस साल पहले मोदी ने किया था इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाने का ऐलान
- सिविल सोसायटी ऑफ आगरा ने प्रधानमंत्री के वादे को दिलाया याद


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके दस साल पुराने वादे को याद दिलाया है। प्रधानमंत्री की आज कोठी मीना बाजार में विशाल जनसभा होने जा रही है। सभा की पूर्व संध्या पर सिविल सोसायटी आगरा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दस साल पहले उनके द्वारा किए गए वादे को याद दिलाया। प्रधानमंत्री बनने से पहले 2013 में आगरा में हुई जनसभा में नरेन्द्र मोदी ने ऐलान किया था कि अगर केंद्र में भाजपा की सरकार बनी तो आगरा में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनवायेगे। दस साल पूर्व कोठी मीना बाजार मैदान में की गयी इस घोषणा के पूरा होने का शहरवासियों को आज भी इंतजार है। सिविल सोसायटी के अनुसार आगरा में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनना तो दूर वायुसेना परिसर आगरा में स्थित सिविल एन्क्लेव के संचालन भी ठीक से नहीं हो रहा है। सिविल एन्क्लेव को शिफ्ट करने का काम में शहर के सांसद और विधायकों ने रुचि नहीं दिखाई। जनप्रतिनिधियों आवाज उठाते तो अब तक यह काम पूरा हो गया होता। आगरा के नागरिक, पर्यटन व्यवसायी और जनप्रतिनिधियों की इस उदासीनता को अनदेखा नहीं कर सकती। अपनी आवाज प्रधानमंत्री तक पहुंचाने के लिए

सिविल सोसायटी ऑफ आगरा फतेहाबाद रोड पर आई लव आगरा प्वाइंट पर धरना देना चाहता था, लेकिन प्रशासन ने अनुमति नहीं दी। इस दौरान शिरोमणि सिंह, अनिल शर्मा, राजीव सक्सेना, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित सिंह, असलम सलीमी आदि मौजूद रहे।

# कल के आलोचक, आज बने प्रशंसक

## जिनकी खिलाफत करते रहे, उन्ही के लिए जनता से मांग रहे वोट, क्षेत्र की जनता भी हैरान

एनएनआई



**आगरा।** हर हाल में चुनाव लड़ने की चाहत और गठबंधन से बदले समीकरणों ने नेताओं के सुर भी बदल दिए। कल तक वे जिनकी आलोचना करते थे, अब उन्हीं की प्रशंसा के पुल बांध रहे हैं। जिनकी खिलाफत करते हुए पिछले चुनाव में जनता से वोट मांगा था। आज उन्हीं के लिए सभाएं कर रहे हैं। तानाशाह अब विकास पुरुष लगने लगे हैं। सिद्धांत और आदर्श भी बदल गए हैं। यह सब देख क्षेत्र की जनता भी हैरान है। आखिर नेताजी को हो क्या गया है।

### भाजपाई हुए कांग्रेसी और सपाई

फतेहपुरसीकरी लोकसभा क्षेत्र से पिछली बार विधानसभा चुनाव में बसपा छोड़कर सपा में आए मधुसूदन शर्मा ने अब भाजपा का दामन थाम लिया है। वहीं पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर के सिपहसलार रहे उपेन्द्र सिंह ने भी हाथ का साथ छोड़कर कमल पकड़ लिया है। दोनों ही नेता अब भाजपा प्रत्याशी के मंचों को साझा कर रहे हैं। ये अब मोदी और योगी की प्रशंसा करते नहीं थक रहे हैं। इनका मकसद आज राजकुमार चाहर को एक बार से फिर संसद पहुंचाना है। इसके लिए वे एड़ी-चोटी का जोर भी लगा रहे हैं। राजकुमार के सामने क्षत्रिय प्रत्याशी कांग्रेस से रामनाथ सिकरवार हैं तो बसपा ने ब्राह्मण राम निवास शर्मा को उतारा है। वहीं निर्दलीय के रूप में बागी प्रत्याशी रामेश्वर चौधरी ने इस सीट पर मुकाबला चतुष्कोणीय बना दिया है।

### सिर्फ कार्यकर्ता बनकर ही रह गए

दूसरे दलों से नाता तोड़ कर भाजपा में शामिल हुए नेता सिर्फ कार्यकर्ता ही बनकर रह गए हैं। पिछले चुनाव में सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए पूर्व मंत्री रामसकल गुर्जर की पार्टी में अभी तक एक कार्यकर्ता के रूप में ही पहचान है। उन्हें पार्टी में कोई जिम्मेदारी नहीं मिली है। इसी तरह गुटियारी लाल दुवेश को भी अभी तक कोई जिम्मेदारी पार्टी में नहीं मिली है। सिर्फ चुनाव के समय ही उनके नाम उछलते हैं। यही स्थिति हाल में भाजपा में शामिल हुए मधुसूदन शर्मा और उपेन्द्र सिंह को भी संगठन में कोई पद नहीं दिया गया है। सभी एक कार्यकर्ता बन कर रह गए हैं।

## शिशिर भगत नजरबंद



एनएनआई

**आगरा।** एमजी रोड पर भूमिगत मेट्रो ट्रैक की मांग को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले व्यापारी नेता शिशिर भगत को आज नजरबंद कर दिया गया है। यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आज कोठी मीना बाजार मैदान में होने वाली जनसभा में किसी प्रकार के विरोध की आशंका के चलते एहतियातन उठाया गया है। शिशिर भगत ने कल सायं 7.52 बजे सोशल मीडिया पर अपनी एक फोटो शेयर करते हुए स्वयं यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा, इंटेलिजेंस की टीम आज मेरे प्रतिष्ठान पर आई और बताया कि मेट्रो और एयरपोर्ट मुद्दे के लिये प्रधानमंत्री सभा होने तक आपको नजरबंद रखा जायेगा। शिशिर भगत द्वारा पोस्ट के साथ एक फोटो भी शेयर की गई। कहा जा रहा है कि इसमें उनके साथ खुफिया विभाग के अधिकारी हैं।

## अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट बेंच की याद दिलाई

एनएनआई

आगरा। दस साल पहले कोठी मीना बाजार में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वादा किया था, लेकिन आज वह भूल गए। उन्हें याद दिलाने के लिए अधिवक्ता सभा में पहुंचेंगे। अधिवक्ताओं की पश्चिमी उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण जनमंच संयोजक चौधरी अजय सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाईकोर्ट बेंच स्थापना का वादा किया था, लेकिन अब यह बात उनके जेहन में नहीं है। तय किया कि अगर प्रशासन ने प्रधानमंत्री से मिलने का समय नहीं दिलाया तो अधिवक्ता अपनी आवाज को उठाने को एकजुट हो कर प्रधानमंत्री की सभा के लिए कूच करेंगे और उनका ध्यान हाईकोर्ट बेंच की ओर आकर्षित करेंगे। बैठक में हृदय कुमार यादव, दिलीप फौजदार, अजय दीक्षित, उमेश दीक्षित, अखिलेश यादव, फूल सिंह चौहान, सतीश कुमार शाक्य, प्रशांत सिंह, विक्रम सिंह राणा, सुनील कुमार बंसल, अमर सिंह कमल, उदयवीर सिंह, शिवकुमार सैनी मौजूद रहे। संचालन पवन कुमार गुप्ता ने किया।

Sunday Open
पर्दे ही पर्दे
* Sofa Fabric
* Customise Blinds
* Wallpaper
* Flooring all type
* Grass
* Carpet
* All Furnishing Item
किरन मित्तल
बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने संजय प्लेस,
आगरा मो. 9837261764, 8193034811

# केसर सा मुस्कराए केसरी नंदन...

- श्री हनुमंत शोभायात्रा में मां काली का अखाड़ा, 7 बैण्ड और 18 झांकियां हुई शामिल
- उज्जैन के बाबा महाकाल की पालकी, गर्भगृह और रामलला के दर्शन से निहाल हुए भक्त

एनएनआई

**आगरा।** हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री केसरीनंदन महोत्सव समिति द्वारा भव्य हनुमंत शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान डमरू की डम-डम और ढोल की ढम-ढम के साथ जय महाकाल से पूरा मार्ग गुंजायमान रहा। नंगे पैर कोई भक्त डमरू बजा रहा था तो कोई झूम रहा था। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण उज्जैन से आए बाबा महाकाल की पालकी और अयोध्या के रामलला के मनभावन दर्शन रहे। आधा दर्जन बैंडबाजे मधुर धार्मिक धुनें बिखेर रहे थे। मथुरा के मां काली के अखाड़े के साथ शोभायात्रा में प्रथम पूज्य गणपति के साथ राजराजेश्वरी कैला माता, राधा-कृष्ण, रामदरबार, शिव परिवार, बांके बिहारी, महाकाल गर्भगृह के दर्शन सहित 18 झांकियां श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही थीं। हर भक्त भोले की भक्ति में लीन नजर आया। महाकाल बाबा की सेवा मंडली में डमरू वादक शामिल थे। शोभायात्रा का शुभारंभ उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के महंत आकाश गुरु, सुधीर शर्मा, अजय अवागढ़, धन कुमार जैन, नितेश शिवहरे, स्वदेश वर्मा, शिवम शर्मा, मोहित गोयल, प्रमोद वर्मा और गौरव बंसल ने पूजा-अर्चना कर किया। शोभायात्रा फुलट्टी चौराहे से सिंधी बाजार, फुब्बारा, किनारी बाजार, जौहरी बाजार, सुभाष बाजार, दरेसी, बेलनगंज, पथवारी, घटिया चौराहा से छिली ईंट होती हुई फुलट्टी चौक पर पर संपन्न हुई। यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत और महाआरती फुलट्टी चौक को गयी। इस मौके पर सुधीर शर्मा, उमंग जैन, रिक्की शर्मा, अमित अग्रवाल, सुमित बंसल, रामचंद्र माहेश्वरी, अनुराग शर्मा, वंदना सिंह, अमित शर्मा, संक्रेश शर्मा, रौनक अग्रवाल, तुषार वर्मा, धीरज वर्मा, राममोहन पाराशर, अतिशय गोयल, रॉबिन वर्मा, अशोक गोयल, विशाल वर्मा, राहुल मुद्गल, काके वर्मा, नितिन वर्मा, माधव पाराशर, अमित गुप्ता, वीरेंद्र सिंह, आशीष आदि मौजूद रहे।



### नंगे पैर पैदल चल किये बाबा महाकाल की पालकी के दर्शन

महाकाल डोला प्रभारी गप्पू शर्मा और मुख्य डोला प्रभारी देव शर्मा ने बताया कि मार्ग में श्रद्धालुओं ने झांकी का फूल-मालाओं से स्वागत किया। महाकाल की पालकी के पास सभी भक्त भारतीय वेशभूषा में नंगे पैर दर्शन व आरती करते रहे। अवसर पाकर बाबा महाकाल की पालकी को कंधे पर उठाने का पुण्य भी भक्तों ने नहीं गंवाया। दिव्य छप्पन भोग के अलौकिक दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का ताँता लगा रहा। मार्ग में पुष्प व इत्र वर्षा और मुख्य चौराहे पर आतिशबाजी की गयी।

### विदेशी फूलों से किया खाटू नरेश का श्रृंगार

खाटू नरेश की झांकी का श्रृंगार विदेशी फूलों से किया गया था। बजरंगबली की झांकी और फूलबंगला भी मनमोहक था।

## सुल्तानगंज चौराहे पर शुरू हुई शीतल जल की प्याऊ

एनएनआई

**आगरा।** सेवा आगरा द्वारा इस वर्ष भी भीषण गर्मी से राहत प्रदान करने के लिए सुल्तानगंज चौराहा स्थित नवज्योति अपार्टमेंट के बाहर राहगीरों के लिए निःशुल्क शीतल जल की प्याऊ लगाई गई है। प्याऊ का शुभारंभ मुख्य अतिथि नेशनल चेम्बर के अध्यक्ष अतुल गुप्ता, विशिष्ट अतिथि वेकअप संस्था के अध्यक्ष शिशिर भगत, सेवा आगरा के मुरारी लाल गोयल पेंट वाले और सुमन गोयल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और राहगीरों को पानी पिला कर किया। अतुल गुप्ता ने कहाकि प्रचंड गर्मी में लोगों के सूखे कंठ की प्यास को बुझाने से बड़ा पुण्य कोई नहीं है। मुरारी लाल गोयल पेंट और सुमन गोयल ने कहाकि जन सेवा के कार्यों से आध्यात्मिक संतोष मिलता है। सेवा का यह सिलसिला अनवरत जारी रहेगा। गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाने के शहर के लगभग एक दर्जन अन्य स्थानों पर भी प्याऊ लगाई जाएंगी। इस मौके पर सुमन गोयल, पूर्व पार्षद अमित ग्वाला, रोहित कत्याल, शिवराम सिंघल, मुकेश अग्रवाल, हरिओम गोयल, प्रेमदास मंगल, मीरा कुशवाह, विवेक कुशवाह आदि मौजूद थे।



## बालाजी महाराज को चढ़ाया स्वर्ण मुकुट

- मंदिर ट्रस्ट ने कराया सुंदरकाण्ड पाठ और प्रसादी का आयोजन

एनएनआई

**आगरा।** कटरा जोगीदास ताजगंज स्थित श्री दाऊजी महाराज खाटूश्याम मंदिर पर ट्रस्ट की ओर से श्री हनुमान जन्मोत्सव पर बालाजी महाराज को स्वर्ण मुकुट अर्पण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संरक्षक कृष्ण मुरारी अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, राजू गोयल और मयंक अग्रवाल ने हनुमानजी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। जन्मोत्सव पर मंदिर को दूधिया रोशनी की सजावट और रंग-बिरंगी विद्युत झालरों से सजाया गया। अध्यक्ष राजू गोयल ने कहाकि हनुमानजी से बड़ा कोई दूसरा भक्त नहीं हुआ है। हनुमान जी की भक्ति अनूठी व अद्भुत रही है, जिसका कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। भक्तों ने हनुमान बाबा का अलौकिक श्रृंगार, फूल बंगला का दर्शन लाभ और सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया। इस दौरान भंडारा किया गया। इस मौके पर परवेश अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, प्रदीप राठौर, ब्रजमोहन, राजेश गुप्ता, बबलू राठौर, संजय गोयल, राहुल आदि मौजूद रहे।








# शेफ्स और बारटेंडर्स ने दिखाए हुनर

- पंचसितारा होटल्स में हुई शेफ्स और बारटेंडर प्रतियोगिता
- जीएम टॉक शो और अवार्ड समारोह में होटल इंडस्ट्रीज पर हुई चर्चा

एनएनआई

**आगरा।** फतेहाबाद रोड स्थित होटल डबल ट्री बाय हिल्टन में 'मास्टर्स इन एफ एंड बी' में 25 वर्ष से कम उम्र के उभरते शैफों के बीच हुई प्रतिस्पर्धा में बारटेंडरों द्वारा मिक्सोलॉजी कौशल का एक शानदार प्रदर्शन किया गया। शैफों ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों को नए-नए व्यंजनों की श्रृंखला पेश की। वहीं बारटेंडरों ने तैयार किए गए कॉकटेल से मंत्रमुग्ध किया। निर्णायक की भूमिका में हिल्टन के महाप्रबंधक श्याम कुमार, टूरिज्म गिल्ड के अध्यक्ष राजीव सक्सेना, देवशीष भौमिक, भुवनेश खन्ना और अमित राने रहे। शादियों व इवेंट्स में हॉस्पिटलिटी के अनुभवों पर टॉक शो में चर्चा हुई, जिसमें बिजनेस वर्ल्ड से भुवनेश खन्ना, होटल्स के जर्नल मैनेजर श्याम कुमार, हरी सुकुमार, समीर जिलानी और मनप्रीत छब्बा ने अपने विचार रखे। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।



## इनके नाम रही विजेता ट्रॉफी

शेफ केटेगरी विजेता की ट्रॉफी क्लार्क शिराज होटल के यश गुप्ता, प्रथम उपवेजता कॉर्टयाड बाय मेरियट के इमरान खान और द्वितीय उपविजेता डबल ट्री बाय हिल्टन के मिहिर भवसार रहे। वहीं बारटेंडर केटेगरी में विजेता डबल ट्री बाय हिल्टन प्रीतम कुमारी, प्रथम उपविजेता राजमनी, द्वितीय उपविजेता कोर्टयार्ड बाय मेरिट के संजय आनंद रहे।

## ये डिश बनाई

श्री अन्न, बेगम बहार, मैंगो केरी, दही के कबाब, ग्रिल प्रॉन, शाही पनीर, मैंगो टी केक आदि स्वादिष्ट व्यंजन प्रतिस्पर्धा में बनाये गए। इसमें जेपी पैलेस, आईटीसी मुगल, ताज व्यू, द ओबरॉय, अमर विलास, ट्राइडेंट, कोर्टयार्ड मैरियट, डबल ट्री बाय हिल्टन, क्लार्क शिराज और वेदा इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड ट्रेनिंग ने भाग लिया। इस अवसर पर रिचा बंसल, विकास सिंह, आयुष अग्रवाल, राधिका घोषाल, सुमित विभव, आशीष बंसल आदि मौजूद रहे।

# इंडिगो ने लगाया स्वास्थ्य शिविर और जांच शिविर




एनएनआई

**आगरा।** इंडिगो एयरलाइन्स द्वारा आगरा एअरपोर्ट जनहित सामाजिक सेवा संस्थान के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य और रक्तदान शिविर अमृत चैरिटेबल ब्लड सेंटर के तत्वावधान में लगाया गया। इसमें वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. हिमांशु यादव, डॉ. समीर शर्मा, डॉ. निशा यादव, डॉ. चेतन सिंह डागौर, डॉ. धीरेन्द्र सिंह, होम्योपैथी फिजिशियन, डॉ. पूजा सिंघल, दंत चिकित्सक ने अपनी निःशुल्क सेवाएं प्रदान कीं। इसका लाभ भाविप्रा, इंडिगो एयरलाइन्स, केन्द्रीय सुरक्षा बल के कार्मिकों ने लिया। शिविर का संचालन समाजसेवी श्रीमती सोनी त्रिपाठी किया। एयरपोर्ट आगरा के निदेशक नीरज कुमार श्रीवास्तव ने डॉक्टर्स और उनकी टीम का आभार जताया। सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सोनी त्रिपाठी, देवराज पांडे इंडिगो एयरलाइन, किरन कुमार, सतीश कुमार कुशवाह, वरिष्ठ अधीक्षक मानव संसाधन एयरपोर्ट अथॉरिटी, पल्लवी पाठक, अभिषेक गर्ग, अवनी त्रिपाठी, विख्यात त्रिपाठी, शिवम सारस्वत, हृदेश शर्मा, शिवम शुक्ला, मुनेश कुमार शर्मा, अनिकेत, हर्ष, आवेग मित्तल आदि मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने चलाया स्वच्छता अभियान

एनएनआई

**आगरा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कोठी मीना बाजार में होने वाली जनसभा की पूर्व संध्या पर भाजपा दीनदयाल मंडल के अध्यक्ष मनोज बघेल के नेतृत्व में आवास-विकास स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, डॉ. पार्थसारथी शर्मा, मनीष अग्रवाल, पार्षद प्रवीना राजावत, रवि करोटिया, निरंजन सिंह, श्यामवीर सिंह, टीएन सिंह चौहान, सुधीर चौबे, ललित उपाध्याय, हिमांशु मिश्रा, सुधीर गोयल, अंशु भटनागर, ओमप्रकाश, बबली धाकड़, जवाहर सिंह चौधरी, रेनू यादव और नवीन गुप्ता आदि मौजूद रहे।








## उड़ान भरने के बाद जमी नदी में गिरा विमान, लगी आग, दो की मौत

**नई दिल्ली।** मंगलवार को डगलस सी-54 विमान जो कि ईंधन लेकर जा रहा था, वह अलास्का के फेयरबैंक्स में उड़ान भरने के बाद एक जमी हुई नदी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एबीसी न्यूज ने राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड के हवाले से बताया कि विमान में दो लोग सवार थे। 91 ईंधन परिवहन विमान जो कि अलास्का एयर फ्यूल संचालित करता है, वह सुबह लगभग 10 बजे तनाना नदी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान ने फेयरबैंक्स अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। अलास्का सार्वजनिक सुरक्षा विमान के अनुसार विमान नदी के किनारे एक खाड़ी में विमान फिसल गया, उसमें यहां आग लग गई। विमान में सवार कोई भी जीवित नहीं बचा।

## केन्या में भारी बारिश और बाढ़ से बिगड़े हालात

**केन्या।** केन्या में भारी बारिश और बाढ़ की आशंका है। केन्या सरकार ने इसकी चेतावनी जारी कर दी है। केन्या रेड क्रॉस सोसाइटी ने बताया कि केन्या में बाढ़ के कारण अब तक 38 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 11 हजार से अधिक लोगों को विस्थापित किया गया है। एजेंसी ने बताया कि उन्होंने देशभर में 180 लोगों को सुरक्षित बचाया है। सोसाइटी प्रमुख वेनेंट एनडिगिला ने कहा कि बारिश ने केन्याई लोगों के लिए आपदाएं पैदा कर दी हैं। गौरतलब है कि मार्च में बारिश शुरू हुई थी लेकिन पिछले कुछ दिनों में बारिश की तीव्रता बढ़ गई है।

## इंडोनेशिया के राष्ट्रपति बने सुबियांतो, चुनाव आयोग ने की घोषणा

**इंडोनेशिया।** चुनाव आयोग ने बुधवार को औपचारिक रूप से प्रबोवो सुबियांतो को निर्वाचित राष्ट्रपति घोषित कर दिया। इससे पहले, चुनावों में सुबियांतो की शानदार जीत को चुनौती देते हुए हारे हुए प्रत्याशियों ने देश के उच्चतम न्यायालय में अपील दायर की थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया। इंडोनेशिया के मौजूदा रक्षा मंत्री सुबियांतो ने 58.6 प्रतिशत मत या 9.6 करोड़ से अधिक मतपत्रों के साथ चुनाव में शानदार जीत हासिल की थी, जो अन्य दोनों उम्मीदवारों में से किसी एक को प्राप्त मत की तुलना में दोगुने से भी अधिक हैं।

# पटना में जदयू नेता की गोली मारकर हत्या

**पटना।** भारत निर्वाचन आयोग की आदर्श आचार संहिता में पुलिस-प्रशासन की सख्ती के दावे को धता बताते हुए अपराधी लगातार बड़ी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इस बार बिहार में सत्तारूढ़ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाईटेड के नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। राजधानी पटना के परसा बाजार इलाके में इस हत्या के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। गुरुवार को सुबह-सुबह इस घटना के बाद बाद लोगों ने पटना-पुनपुन रोड जाम कर हंगामा शुरू कर दिया है। पटना के परसा बाजार गांव में जदयू नेता सौरभ कुमार की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर डाली। उनके एक दोस्त मुनमुन कुमार गोलीबारी में घायल हो गए हैं। उन्हें इलाज के लिए पटना के कंकड़बाग स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना



मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। दूसरी तरफ, घटना की सूचना फैलते ही गांव के लोग सड़क पर उतर आए। लोगों ने पटना पुनपुन मार्ग को जाम कर जमकर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही सिटी एसपी (पूर्वी) भारत सोनी, डीएसपी मसौढ़ी कन्हैया सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। घटना की पुष्टि करते हुए डीएसपी कन्हैया सिंह ने बताया कि अपराधियों ने जदयू नेता को सिर में गोली मारी थी। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर पुलिस टीम ने खोजी कुत्तों के साथ फॉरेंसिक साइंस की टीम को बुलाया है।

### रात 12 बजे के बाद घटना अस्पताल में मृत घोषित

जदयू नेता सौरभ कुमार बुधवार की देर रात बढइयां कोल गांव में आपने एक मित्र अजीत कुमार के भाई की रिसेप्शन पार्टी में गए थे। बताया जा रहा है कि रात लगभग 12 बजे रिसेप्शन पार्टी से अपने एक मित्र मुनमुन कुमार के साथ वापस अपने घर शिव नगर लौट रहे थे। सौरभ कुमार अपनी गाड़ी पर बैठ रहे थे, तभी मोटरसाइकिल से आए तो अपराधियों ने ताबड़तोड़ कई गोलियां चला दीं। सौरभ कुमार के सिर और उनके दोस्त मुनमुन कुमार के पेट-हाथ में गोलियां लगीं। गोली लगते ही वे लोग वहीं गिरकर गए। इस बीच अपराधी वहां से फरार हो गए। गोलीबारी की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए।

## परीक्षा में अव्वल न आने पर छात्रा ने की आत्महत्या

**कानपुर।** डेरापुर थाना क्षेत्र के ललपुरवा में एक छात्रा का शव देर शाम फंदे पर लटका मिला। मृतक के बाबा की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंचीं। छानबीन के दौरान पुलिस को परिजनों ने बताया कि छात्रा ने इंटर की परीक्षा प्रथम श्रेणी में पास न होने पर ऐसा कदम उठाया है। ललपुरवा निवासी संतोष की बेटी अंकिता (18) ने दो दिन पहले इंटर की परीक्षा पास की थी। बुधवार शाम उसका शव कमरे के अंदर साड़ी के फंदे से लटका मिला। बेटी का शव फंदे पर लटका देख मां उमा देवी, भाई विपिन, अभिषेक ने शोर मचाया। इस पर परिवार व पड़ोसी एकत्र हो गए। घटना की जानकारी डेरापुर पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस ने पहुंच साक्ष्य जुटाए। मृतका के बाबा मंशाराम ने पुलिस को बताया कि अंकिता प्रथम श्रेणी में इंटर की परीक्षा पास न होने पर मानसिक तनाव में थी। इसी से परेशान होकर उसने ऐसा कदम उठाया है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि शव कब्जे में लिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# यूक्रेन के लिए और मदद भेजेगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने यूक्रेन के लिए एक बिलियन अमेरिकी डॉलर के नए पैकेज की घोषणा की। इस पैकेज का उद्देश्य तोपखाने और गोला-बारूद सहित अन्य हथियारों की खेप मदद के तौर कीव को देना है, जिससे वह रूस से अपने देश की रक्षा कर सके। यह घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा पूरक पर हस्ताक्षर करने के बाद हुई है। अमेरिकी रक्षा विभाग ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की।



इसमें उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा अनुपूरक पारित होने के बाद आज रक्षा विभाग ने यूक्रेन की महत्वपूर्ण सुरक्षा और रक्षा को ध्यान में रखते हुए नई सुरक्षा सहायता की घोषणा की। यह अगस्त 2021 के बाद से अमेरिकी रक्षा विभाग द्वारा यूक्रेन को प्रदान की गई 56वीं किश्त है। बयान में बताया गया कि प्रेसिडेंशियल ड्रॉडाउन अथॉरिटी (पीडीए) पैकेज का अनुमानित मूल्य एक बिलियन अमेरिकी डॉलर है।

कहा गया कि यह पैकेज यूक्रेन को अग्रिम पंक्ति को मजबूत करने, शहरों की सुरक्षा करने और रूस के हमलों का जवाब देने के लिए दी जा रही है। अमेरिकी मदद से यूक्रेनी सैनिकों को रूस से लड़ने में मदद मिलेगी। अमेरिकी नेतृत्व करीब 50 सहयोगियों और साझेदारों के साथ सुरक्षा सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। अमेरिकी मदद के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि राष्ट्रपति बाइडन ने आज समर्थन पैकेज पर हस्ताक्षर किए। हमें अमेरिका समर्थन दे रहा है, जिसकी हमें आवश्यकता है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड
Noida International Airport Limited
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर ओमेगा-1
ग्रेटर नोएडा 201 308 जनपद–गौतमबुद्ध नगर (उ० प्र०)
दूरभाषः 0120-2395153, फैक्सः 0120-2395150

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर** के निर्माण कार्यों से संबंधित किसी भी कार्य के लिए **मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण/नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड** के कार्यालय में किसी प्रकार से संपर्क करने का कष्ट न करें। इस परियोजना का निर्माण कार्य पूर्ण रूप से पीपीपी मॉडल पर कॉन्सेशनायर द्वारा ही किया जा रहा है।

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र में ताइवान पर बढ़ा तनाव

**बीजिंग।** ताइवान और दक्षिण चीन सागर को लेकर बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका और चीन की नौसेना के शीर्ष अधिकारियों ने बुधवार को चीन में एक बैठक की और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा की। अमेरिकी पैसिफिक फ्लीट के कमांडर एडमिरल स्टीफन कोहलर ने तटीय शहर किंगदाओ में चीनी नौसेना द्वारा आयोजित की जा रही 19वीं पश्चिमी प्रशांत नौसेना संगोष्ठी के मौके पर पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी (पीएलएएन) के राजनीतिक आयुक्त एडमिरल युआन हुआजी से मुलाकात की। अमेरिकी पैसिफिक फ्लीट के एक बयान में कहा गया है कि कोहलर ने युआन से मुलाकात कर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा की।

बयान के अनुसार दो दिन पहले कोहलर ने चीन की नौसेना के कमांडर एडमिरल हू झोंगमिंग से मुलाकात की थी। हांगकांग के अखबार साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने एक बयान के हवाले से अपनी खबर में कहा कि चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के अधिकारियों के साथ बैठक में कोहलर ने क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं को लेकर चर्चा की। चीन दक्षिण चीन सागर के ज्यादातर हिस्से पर अपना दावा करता है। फिलीपीन, वियतनाम, मलेशिया, ब्रुनेई और ताइवान भी दावा करते हैं। शीर्ष



अमेरिकी और चीनी अधिकारियों के बीच बैठक उस वक्त हुई जब अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन वाशिंगटन और बीजिंग के बीच कई विवादित मुद्दों पर चीनी नेतृत्व के साथ बातचीत करने के लिए चीन पहुंचे। ताइवान को भी चीन अपना हिस्सा बताता है। चीन कई बार कह चुका है कि वह ताइवान का विलय करके रहेगा। इसके लिए वह बल प्रयोग करने से भी पीछे नहीं हटेगा।

## जन संपादकीय

# जब झुंझुनू से चुनाव हार गए थे उद्योगपति कृष्ण कुमार बिड़ला

**हरियाणा** सीमा पर स्थित राजस्थान का झुंझुनू जिला एक तरफ जहां पूरे देश में सैनिकों के लिए जाना जाता है। वहीं दूसरी तरफ देश के बहुत से बड़े-बड़े उद्योगपति भी झुंझुनू जिले के रहने वाले हैं। हालांकि सभी बड़े उद्योगपति झुंझुनू जिले से बाहर जाकर अपना व्यवसाय बढ़ा कर उद्योग जगत में अपना नाम कमाया है। मगर कई बार औद्योगिक घरानो के परिवार के सदस्य अक्सर झुंझुनू आते रहते हैं। इसी तरह भारतीय सेना में देश में किसी एक जिले से सबसे अधिक सैनिक झुंझुनू जिले के जवान है। वही देश में सबसे अधिक शहीद भी झुंझुनू जिले के सैनिक हुए हैं देश में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। सभी जगह चुनावी चर्चाएं जोरों से चल रही है। झुंझुनू जिले में 1971 का लोकसभा चुनाव पूरे देश में चर्चित रहा था। उस समय देश के सबसे बड़े उद्योगपतियों में शुमार बिड़ला घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला स्वतंत्र पार्टी से झुंझुनू लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतरे थे। उनके सामने कांग्रेस पार्टी ने एक साधारण किसान के घर जन्मे शिवनाथ सिंह गिल को चुनाव मैदान में उतारा था। पिलानी के रहने वाले बड़े उद्योगपति घनश्याम दास बिड़ला के सुपुत्र कृष्ण कुमार बिड़ला का उस समय देश के उद्योग जगत में एक बड़ा नाम होता था। लाखों की संख्या में लोग बिड़ला घराने के औद्योगिक संस्थानों में काम करते थे। दूसरी तरफ बैंकों के राष्ट्रीयकरण व पाकिस्तान युद्ध में मिली जीत के बाद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की देशभर में हवा चल रही थी। उस समय देश में इंदिरा गांधी आई है, नई रोशनी लाई है नारा बहुत चर्चित हुआ था। उस नारे की बदौलत देश में कांग्रेस की ऐसी हवा चली थी कि विपक्ष के कई बड़े धुरंधर नेता चुनाव हार गए थे। इंदिरा गांधी ने बिड़ला घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला को हराने के लिए जिले के धमोरा गांव के शिवनाथ सिंह गिल को चुनाव मैदान में उतार दिया था। उस समय शिवनाथ सिंह गिल गुढ़ा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक थे। चुनाव में एक तरफ देश के सबसे धनवान प्रत्याशी थे तो दूसरी तरफ कांग्रेस के एक साधारण किसान चुनाव लड़ रहा था। उस वक्त के चुनाव में धनवान बनाम किसान का नारा लगा था। स्वतंत्र पार्टी के प्रत्याशी कृष्ण कुमार बिड़ला ने अपने कल कारखानों में कार्यरत झुंझुनू जिले के सभी लोगों को चुनाव प्रचार के लिए झुंझुनू भेज दिया था। बिड़ला की ओर से बड़े भव्य तरीके से चुनाव लड़ा जा रहा था तथा जमकर पैसा खर्च किया जा रहा था। वहीं दूसरी तरफ शिवनाथ सिंह गिल सामान्य प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे थे। जब चुनाव नतीजे आए तो सभी राजनीतिक पर्यवेक्षक दंग रह गए। बड़े-बड़े राजनीतिक भविष्यवक्ताओं की भविष्यवाणी फेल हो गई। देश के सबसे बड़े उद्योगपति परिवार के कृष्ण कुमार बिड़ला को कांग्रेस के एक किसान परिवार के प्रत्याशी शिवनाथ सिंह गिल ने 98949 वोटो के अंतर से चुनाव हार दिया था। उस चुनाव में कांग्रेस के शिवनाथ सिंह गिल को 223286 यानी 59.79 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं स्वतंत्र पार्टी के कृष्ण कुमार बिड़ला को 124337 यानी 33.30 प्रतिशत वोट मिले थे। कामरेड घासीराम को 9548 वोट, हणुताराम को 5073 वोट, बलदेव प्रसाद को 3143 वोट, दुलाराम को 3013 वोट, महादेव प्रसाद को 2113 वोट, बृजमोहन को 1801 वोट, तारावती को 1113 वोट मिले थे। उस चुनाव में मुल 9 प्रत्याशी खड़े हुए थे। मगर मुख्य मुकाबला कृष्ण कुमार बिड़ला व शिवनाथ सिंह गिल के बीच ही हुआ था।लोकसभा चुनाव में हारने के बाद बिड़ला परिवार का झुंझुनू जिले से मोह भंग हो गया और उन्होंने अपनी जन्म भूमि पिलानी में एक शैक्षणिक संस्थान बिड़ला प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (बिट्स) के अलावा और कोई भी ऐसा काम नहीं किया जो जिले की जनता के काम आ सके। हालांकि बाद में कृष्ण कुमार बिड़ला कांग्रेस के टिकट पर 1984 से 2002 तक लगातार 18 वर्षों तक राज्यसभा सदस्य रहे। बाद में कृष्ण कुमार बिरला की बेटी व हिंदुस्तान टाईम्स अखबार की अध्यक्ष शोभना भरतीया भी एक बार कांग्रेस के टिकट पर राजस्थान से राज्यसभा सदस्य रह चुकी है।कहते हैं कि उस चुनाव में बिड़ला परिवार ने अपने यहां काम करने वाले लोगों को चुनाव प्रचार के लिए झुंझुनू भेज दिया था और बिड़ला परिवार के बड़े-बड़े मैनेजर अलग-अलग विधानसभा चुनाव के प्रभारी बनाए गए थे। जब वह अपने समर्थन में आए हुए लोगों से चुनाव के दौरान चुनाव की स्थिति पूछते थे तो सभी लोग कहते थे कि बाबू बारह आना यानी की 12 आने में बाबू है बाकी में शिवनाथ सिंह गिल है। मगर जब बिड़ला परिवार की चुनाव में हार हो गई तो लोगों ने एक जुमला बना लिया कि बाबू बिड़ला तो पहले ही बारह आना थे। यानी कि पहले ही उनके भाव खराब थे। उस समय बाबू बारह आना बहुत चर्चित हुआ था।

पुराने लोग बताते हैं कि चुनाव के दौरान बिड़ला परिवार ने लोगों से वायदा किया था कि यदि कृष्ण कुमार बिड़ला चुनाव जीतते हैं तो जिले में ऐसे बड़े उद्योग धंधों की स्थापना की जाएगी जिससे आने वाले समय में लोगों को रोजगार मिलेगा। मगर बिड़ला परिवार की हार के बाद उन्होंने जिले के विकास में कोई रुचि नहीं ली। 1971 में बिड़ला को भारी मतों से हराने वाले शिवनाथ सिंह गिल भी 1977 के लोकसभा चुनाव में जनता पार्टी की लहर में कन्हैयालाल महला से सवा लाख से ज्यादा मतों से चुनाव हार गए थे।

**रमेश सर्राफ धमोरा (लेखक के स्वतंत्र विचार है।)**

# बच्चों को भी दें थोड़ी आजादी



अगर आप भी नए-नए माता-पिता बने हैं तो आपको भी इस नई प्रचलित पैरेंटिंग स्टाइल के बारे में जरूर जानना चाहिए, क्योंकि नए माता-पिता बच्चे की परवरिश को लेकर काफी चिंतित रहते हैं और हमेशा बच्चे के आस-पास रहने की कोशिश करते हैं। ऐसा वे इसलिए करते हैं, क्योंकि वे चाहते हैं कि बच्चे को कभी कोई परेशानी न हो, लेकिन बच्चे के संपूर्ण विकास के लिए उसे कुछ समय अकेला भी छोड़ना चाहिए। आजकल परवरिश के तरीके में सिटरवाइजिंग स्टाइल काफी प्रचलित हो रहा है, क्योंकि इससे माता-पिता को बच्चों के साथ रिश्ता मजबूत बनाने का मौका मिलता है। आमतौर पर माता-पिता बच्चों पर रोक-टोक करते रहते हैं और उन पर नजर रखने के लिए हर समय उनके आगे-पीछे घूमते रहते हैं, लेकिन सिटरवाइजिंग पैरेंटिंग में ऐसा नहीं है। इसमें माता-पिता बच्चे के पीछे-पीछे भागने के बजाय उस के खेलते समय एक जगह बैठकर उस पर नजर रखते हैं और जरूरत पड़ने पर ही उसे दूर से ही दिशा-निर्देश देते हैं।

**दोनों के लिए फायदेमंद**

सिटरवाइजिंग पैरेंटिंग में माता-पिता बच्चे को दूर से खेलते हुए देखकर उनकी मॉनिटरिंग करते हैं और केवल जरूरत पड़ने पर ही उन्हें गाइड करते हैं। ऐसा करने से माता-पिता को तनाव कम करने में मदद मिलती है, साथ ही इसमें बच्चों को भी स्वतंत्र रूप से खेलने, दोस्त बनाने और अपने हिसाब से गेम को खेलने का पूरा मौका मिलता है। इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसमें जनरेशन गैप कम करने और उनके बीच बॉन्डिंग बढ़ाने पर ज्यादा जोर दिया जाता है। इससे आपसी प्यार, दोस्ती और भरोसा बढ़ता है।

**आत्मनिर्भरता का भाव**

इस परवरिश से बच्चे आत्मनिर्भर बनते हैं और अपने आस-पास के माहौल को ज्यादा बेहतर तरीके से समझ पाते हैं। उन्हें समझ आता है कि उन्हें खुद अपनी परेशानियों को हल कैसे निकालना है। अगर वे इस दौरान गिर भी जाते हैं तो अपने आप खड़े होकर दोबारा खेलने लगते हैं। ऐसे में वे कठिन परिस्थितियों में भी खुद को संभालकर आगे बढ़ना और अपना निर्णय खुद लेना जैसे महत्वपूर्ण सबक सीखते हैं।

**माता-पिता के साथ बच्चे**

जब माता-पिता बच्चों के खेल में शामिल हो जाते हैं तो उनका खेल का तरीका बदल जाता है और बच्चे तुरंत सारी जिम्मेदारी माता-पिता पर छोड़ देते हैं। इससे उन्हें अन्य बच्चों के साथ घुलने-मिलने के अवसर भी कम मिलते हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप उनके साथ न खेलें, मगर कभी-कभी दूर बैठकर उन्हें अपने तरीके से खेलने दें। ऐसा करने से माता-पिता की उपस्थिति बच्चों में आत्मविश्वास को बढ़ाएगी, साथ ही वे खुद ही अपनी समस्याओं को हल करने की कोशिश करेंगे और जरूरत पड़ने पर ही आपकी सहायता लेंगे।

**उलझेंगे तो खुद ही सुलझेंगे**

बाल मनोवैज्ञानिक गार्गी बताती हैं, ऐसा अक्सर देखा गया है कि माता-पिता बच्चों को अकेला बिल्कुल नहीं छोड़ते हैं और खेलते हुए भी उन्हें रोकते-टोकते रहते हैं। ऐसा करने से भले ही माता-पिता बच्चों को गलतियां करने से रोक लें, लेकिन यह बच्चों के विकास के लिए ठीक नहीं होता है। ऐसा करते रहने से बच्चे कठिन परिस्थितियों में समस्याओं का समाधान खुद नहीं निकाल पाते हैं, क्योंकि वे पूरी तरह माता-पिता पर निर्भर हो जाते हैं। इसलिए बच्चे चाहे छोटे हों या बड़े, दोनों ही स्थितियों में उन्हें कुछ वक्त



खुद को संभालने के लिए भी देना चाहिए। इससे न केवल वे भविष्य में बेहतर निर्णय ले पाएंगे, बल्कि समस्या से निपटने के नए तरीके भी सीखेंगे, जिससे उनका व्यक्तित्व निखरेगा और वे खुद के लिए फैसले लेने से कतराएंगे नहीं।

# 10 साल की उम्र में बच्चों को जरूर सिखाएं ये बातें

एक समय था जब लोग अपने बच्चों को काफी छोटे से ही सख्ती बरते हुए संस्कार का पाठ पढ़ाने लगते हैं, लेकिन आज का समय बदल गया है। आजकल लोग अपने बच्चों पर सख्ती बरतना नहीं चाहते, जिस वजह से कई बार बच्चे काफी जिद्दी बन जाते हैं। ऐसे में अगर आप आप चाहते हैं, कि आपका बच्चा जिद्दी न बनें, तो अपने बच्चे को अभी से कुछ बातें अवश्य सिखाएं। दरअसल, आपकी सूकून भरी जिंदगी के लिए ये बेहद जरूरी है, कि आपका बच्चे में संस्कार हों। ऐसे में अगर आपके बच्चे की उम्र 10 साल है, तो अभी से उसे कुछ बातें अवश्य सिखाएं। बच्चों के जहन में अगर ये बातें बस जाएंगी, तो उन्हें आगे जाकर किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। हम 10 साल के उम्र के बच्चों को सिखाने की बात इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि इस उम्र के बच्चे जल्दी सीखते भी हैं, और चीजों को अच्छी तरह समझते भी हैं।

**हर किसी का आदर करना**

अपने बच्चे को ये सिखाएं कि वो कभी किसी का अनादर न करें। उन्हें छोटे से ही ये सिखाएं कि वो हर किसी से सम्मानपूर्वक बात करें। ये एक ऐसी आदत है, जो एक बार पड़ जाए तो आखिरी दम तक नहीं छूटती।



**सिखाएं अपना काम करना**

छोटे बच्चे अक्सर अपने पैरेंट्स पर निर्भर होते हैं। ऐसे में अब बढ़ती उम्र में उन्हें अपने छोटे-छोटे काम करना सिखाएं। ताकि उन्हें स्कूल में भी किसी तरह की कोई परेशानी न हो। अगर वो अपना काम खुद से करेंगे तो उन्हें कहीं जानें में भी परेशानी नहीं होगी।

**सौंपें जिम्मेदारी**

अपने छोटे बच्चे को संस्कारी बनाने के लिए उसे 10 साल की उम्र से ही जिम्मेदारी सौंपना शुरू कर दें। जैसे कि आप उन्हें कह सकते हैं, कि वो आपके साथ पौधों में पानी डालें, या फिर आप उनसे छोटे-मोटे काम करा सकते हैं।

**सिखाएं पैसे की अहमियत**

ये सबसे जरूरी पाठ है। अपने बच्चे को इस चीज का एहसास जरूर कराएं कि पैसे की कितनी अहमियत है। इसके साथ ही उन्हें ये भी बताएं कि आप कितनी मेहनत से पैसे कमा रहे हैं। कम उम्र से उनके हाथ में थोड़े पैसे दें, ताकि वो मनी मैनेज करना सीख पाएं।

**अनुशासन सिखाएं**

अपने बच्चे को कम उम्र से ही अनुशासन का पाठ जरूर पढ़ाएं। मतलब कि उन्हें जल्दी उठने के फायदे बताएं। समय पर सोने की आदत डलवाएं। इसके साथ ही दिन में दो बार ब्रश करना, अपने बर्तन उठा कर रखना भी अपने बच्चे को सिखाएं।

# वरुण धवन की फिल्म 'बेबी जॉन' का नया पोस्टर रिलीज



**वरुण** धवन इन दिनों अपनी अगली फिल्म 'बेबी जॉन' को लेकर चर्चा में हैं। इसी बीच इस फिल्म से जुड़ा एक बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। फिल्म निर्माताओं ने 'बेबी जॉन' का नया पोस्टर रिलीज कर दिया है। इस पोस्टर में वरुण धवन एकदम अलग अवतार में नजर आ रहे हैं। दर्शकों ने इससे पहले उन्हें इस लुक में नहीं देखा होगा। यही वजह है कि लोग सोशल मीडिया पर इस नए पोस्टर को लेकर जमकर बातचीत कर रहे हैं। फरवरी में फिल्म के नाम की घोषणा होने के बाद से ही दर्शक इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। आज वरुण धवन के 37वें जन्मदिन के खास मौके पर फिल्म का नया पोस्टर रिलीज किया गया है। वरुण के चाहने वालों के लिए यह किसी तोहफे से कम नहीं है। दर्शकों को उम्मीद है कि इस फिल्म में उन्हें शानदार एक्शन देखने को मिलेगा। फिल्म 'बेबी जॉन' के नए पोस्टर को फिल्म के निमार्ता मुराद खेतानी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर रिलीज किया है। पोस्टर में वरुण धवन शर्टलेस नजर आ रहे हैं। इसमें उनके लंबे बाल और दमदार बॉडी को भी साफ देखा जा सकता है। पोस्टर में वरुण धवन बारिश के बीच किसी आदमी की गर्दन को पकड़े हुए दिख रहे हैं। उनके चेहरे पर गुस्सा झलक रहा है। इस पोस्टर के साथ मुराद खेतानी ने कैप्शन में लिखा, बेबी जॉन की ताकत वरुण धवन को जन्मदिन की शुभकामनाएं। एक अविस्मरणीय सिनेमाई अनुभव के लिए तैयार हो जाइए। 'बेबी जॉन' जल्द आ रही है।इ फिल्म का निर्देशन ए. कालीस्वरन ने किया है। मुराद खेतानी के साथ-साथ एटली ने भी इसका निर्माण किया है। फिल्म में वरुण धवन के अलावा कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी भी अभिनय करती नजर आएंगी। बता दें कि 'बेबी जॉन' से अभिनेत्री कीर्ति सुरेश बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही है।

# फैंस ने क्यूं ली रश्मि देसाई की जमकर फिरकी



**अभिनेत्री** रश्मि देसाई अपनी दोस्त आरती सिंह के संगीत समारोह में पहुंचीं। रश्मि लंबे समय के बाद सार्वजनिक रूप से बाहर दिखी हैं। इस दौरान रश्मि रोज गोल्ड रंग के लहंगे में बेहद आकर्षक लग रही थीं, लेकिन अपनी ड्रेस के चलते उन्हें ट्रोल भी होना पड़ रहा है। आरती सिंह के संगीत समारोह में टीवी अभिनेत्री रश्मि देसाई ने शिरकत की। अब रश्मि का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है, जिसमें अभिनेत्री अपने भारी रोज गोल्ड लहंगे में दिख रही हैं। कहा जा रहा है कि अभिनेत्री को लहंगे की वजह से चलने में कठिनाई हो रही थी। वह अपने दोनों हाथों से लहंगे को पकड़े हुए हैं और असहज महसूस कर रही हैं। रश्मि के इस वीडियो के इंटरनेट पर आते ही नेटिजेन्स ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया। एक यूजर ने टिप्पणी कर लिखा, किसी के वजन से कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन असहज कपड़े क्यों पहने? वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा, ऐसे कपड़े क्यों पहने जो संभाले नहीं जाते? इसी तरह की कई सारी टिप्पणियां वीडियो पर आ रही हैं। अभिनेत्री रश्मि देसाई अपने भारी-भरकम लंहगे और चलने में थोड़ी कठिनाई के बावजूद कार्यक्रम का मजा लेते हुए दिखीं। वह आरती के संगीत में अपनी मां के साथ पहुंची थीं। रश्मि ने संगीत में पहुंचते ही फोटोग्राफरों को पोज दिया। इन सब के बीच अभिनेत्री आरती सिंह 25 अप्रैल को अपने प्रेमी दीपक चौहान से शादी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

अभिनेत्री का परिवार उत्सव को खास बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। भाई कृष्णा और उनकी पत्नी कश्मीरा शाह ने सभी कार्यक्रमों की जिम्मेदारी संभाली है। आरती के भाई और भाभी ने आरती को आशीर्वाद देने के लिए रिटर्न गिफ्ट के तौर पर मंगलवार की रात पैपराजी को मिठाईयां बाटीं।



# कुली से एक्शन का धमाका करने को तैयार रजनीकांत

**साउथ** के सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म देखने के लिए उनके प्रशंसक हमेशा बेकरार रहते हैं। अभिनेता के देश-विदेश में करोड़ो प्रशंसक हैं। बहुत दिनों से वो रजनीकांत को निर्देशक लोकेश कनगराज के साथ किसी फिल्म में काम करते हुए देखना चाहते थे। पिछले साल सितंबर में उनकी उम्मीदें पूरी होते हुई दिखीं। अभिनेता की निर्देशक के साथ फिल्म की घोषणा हुई और उसकी शूटिंग भी शुरू हो गई। अब उसी फिल्म की पहली झलक सामने आ चुकी है। निमार्ताओं ने फिल्म के शीर्षक का भी खुलासा किया है। रजनीकांत की फिल्म का टीजर सामने आ चुका है। टीजर ने अभिनेता के प्रशंसकों के दिलों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। फिल्म के टीजर में रजनीकांत बॉसी लुक में नजर आ रहे हैं। वह जबर्दस्त एक्शन करते हुए दिख रहे हैं। तीन मिनट के इस टीजर में फैंस को सिर्फ अभिनेता का एक्शन देखने को मिला है। टीजर के अंत में फिल्म का टाइटल कुली दिया गया है। रजनीकांत की 171वीं बहुप्रतिक्षित फिल्म चार भाषाओं मे रिलीज की जाएगी। फिल्म को तमिल, तेलुगु, हिंदी और मलयालम भाषा में रिलीज किया जाएगा। फिल्म का प्रोडक्शन सन पिक्चर्स के बैनर तले हुआ है। यह पहली बार है जब लोकेश कनगराज और रजनीकांत एक साथ नजर आ रहे हैं। इससे पहले लोकेश विजय के साथ ब्लॉकबस्टर फिल्में दे चुके हैं। फिल्म के बाकी स्टारकॉस्ट को लेकर अभी कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

# 'एटलस' का ट्रेलर हुआ रिलीज, जेनिफर लोपेज का धांसू एक्शन



**साल** 2024 की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'एटलस' के ट्रेलर को रिलीज कर दिया गया है। एक्शन फिल्मों के शौकीन दर्शकों में अभी से ही इस फिल्म के लिए काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। 'एटलस' के टीजर को पहले ही रिलीज कर दिया गया था। इस फिल्म में जेनिफर लोपेज पहली बार रोबोट के साथ युद्ध करती नजर आने वाली हैं। आइए अब आपको बताते हैं कि 'एटलस' के ट्रेलर में और क्या-क्या चीजें देखने को मिली हैं। जेनिफर लोपेज हॉलीवुड की बेहतरीन अदाकारा हैं। उन्होंने हॉलीवुड में संगीत के अलावा एक्टिंग में भी अपनी अलग पहचान बनाई है। जेनिफर पहले भी कई फिल्मों में अभिनय कर चुकी हैं, लेकिन इस बार वे बिल्कुल अलग अवतार में नजर आने वाली हैं। जेनिफर पहली बार किसी फिल्म में दुनिया को बचाती नजर आएंगी। दुनिया भर ने जेनिफर के चाहने वाले उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'एटलस' के ट्रेलर को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह एक साइंस फिक्शन फिल्म होगी। ट्रेलर की शुरूआत जेनिफर से होती है, जो फिल्म में 'एटलस शेफर्ड' का किरदार निभा रही हैं। एटलस को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से नफरत है। वे नहीं चाहती हैं कि दुनिया किसी ऐसी चीज के काबू में आ जाए जिससे पृथ्वी पर खतरा मंडराने लगे। निर्देशक ब्रैड पेटन ने फिल्म 'एटलस' को निर्देशित किया है। ऐसा कम ही देखने को मिलता है कि दुनिया बचाने की जिम्मेदारी किसी महिला किरदार के कंधे पर हो, लेकिन 'एटलस' में ब्रैड पेटन ने यह कमाल कर दिखाया है। दर्शकों में अभी से ही इस फिल्म के लिए काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर 24 मई को स्ट्रीम होगी।

# दिल्ली ने गुजरात को लगातार दूसरी हराया





**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 के 40वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस को चार रन से हरा दिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ने 20 ओवर में चार विकेट गंवाकर 224 रन बनाए थे। कप्तान ऋषभ पंत ने 43 गेंद में नाबाद 88 रन और अक्षर पटेल ने 66 रन बनाए थे। जवाब में गुजरात की टीम 20 ओवर की समाप्त के बाद आठ विकेट पर 220 रन ही बना सकी। डेविड मिलर ने 23 गेंद में 55 रन और साई सुदर्शन ने 39 गेंद में 65 रन की पारी खेली। यह गुजरात की दिल्ली के खिलाफ लगातार दूसरी हार है। इससे पहले अहमदाबाद में भी दिल्ली ने गुजरात के खिलाफ छह विकेट से जीत हासिल की थी। इस जीत के साथ दिल्ली की टीम अंक तालिका में आठ अंक लेकर सातवें स्थान पर आ गई है। उसने नौ मैचों में से चार में जीत हासिल की है। वहीं, गुजरात की टीम सातवें से आठवें स्थान पर लुढ़क गई है। उसने भी नौ में से पांच मैच गंवाए हैं और उसके भी आठ अंक हैं। हालांकि, नेट रन रेट में गुजरात की टीम दिल्ली से पीछे है। दिल्ली का अगला मैच 27 अप्रैल को मुंबई इंडियंस से दिल्ली में ही है। वहीं, गुजरात की टीम अपना अगला मैच 28 अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अहमदाबाद में खेलेगी। इससे पहले पंत और अक्षर पटेल के बीच निभाई गई साझेदारी ने कमाल कर दिया। कप्तान ऋषभ पंत के 43 गेंद में नाबाद 88 रन की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ चार विकेट पर 224 रन बना डाले। एक समय दिल्ली ने 44 रन पर तीन विकेट खो दिए थे, लेकिन अक्षर पटेल और पंत ने चौथे विकेट के लिए 68 गेंद में 113 रन की शतकीय साझेदारी कर दिल्ली को उबारा। पंत अंतिम पांच ओवर में बेहद तेज खेले। अंतिम ओवर में उन्होंने चार छक्के और चौका लगाया। आखिरी पांच ओवर में दिल्ली ने 97 रन बनाए। अक्षर ने 66 रन बनाए यह उनका आईपीएल में सर्वाधिक स्कोर रहा, जबकि पंत ने अपनी पारी में पांच चौके और आठ छक्के लगाए। अपना सौवां आईपीएल मैच खेल रहे शुभमन गिल ने टॉस जीतकर दिल्ली को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। ऑस्ट्रेलियाई जैक फ्रेजर मैकगर्क ने पहले तीन ओवर में ही दो चौके और तीन छक्के लगाकर पृथ्वी शॉ के साथ स्कोर 34 तक पहुंचा दिया। यहां तक दिल्ली के लिए सब ठीक था, लेकिन चौथे ओवर में संदीप वॉरियर ने एक ही ओवर में जैक फ्रेजर और शॉ को पवेलियन भेज दिल्ली को बैकफुट पर ला दिया। फ्रेजर ने 14 गेंद में 23 और शॉ ने सात गेंद में दो चौकों की मदद से 11 रन बनाए।

### अंतिम ओवर में गुजरात 19 रन नहीं बना पाया

कप्तान ऋषभ पंत की 43 गेंद में 88 रन की पारी आखिर दिल्ली के काम आ गई। वरना डेविड मिलर (55) के बाद राशिद खान (21*) ने उसकी उम्मीदों पर पानी फेरने का काम कर ही दिया था। गुजरात को अंतिम ओवर में जीत के लिए 19 रन चाहिए थे। मुकेश कुमार 20वें ओवर में गेंदबाजी के लिए आए और राशिद ने इस ओवर में दो चौके और छक्का लगाया। गुजरात को अंतिम गेंद पर पांच रन बनाने थे, लेकिन राशिद मैच को गुजरात के पक्ष में नहीं मोड़ पाए और दिल्ली ने यह मुकाबला चार रन से जीता।

### साई सुदर्शन ने खेली 65 रन की पारी

225 रन का पीछा करते हुए शुभमन गिल (6) दूसरे ही ओवर में नोर्त्जे की गेंद पर आउट हो गए। साई सुदर्शन ने आते ही छक्के लगाया। दोनों चार ओवर में गुजरात को 50 रन तक पहुंचा दिया। रसिख के पांचवें ओवर की पहली ही गेंद पर अक्षर ने साई का आसान कैच छोड़ दिया। उस वक्त वह 19 रन पर थे। गुजरात ने ऋद्धिमान साहा के 15 गेंद में 33 रन की बदौलत पावरप्ले में एक विकेट पर 67 रन बना लिए थे। 10वें ओवर में कुलदीप ने साहा को आउट किया। उन्होंने 25 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 39 रन बनाए। उन्होंने साई के साथ 49 गेंद में 82 रन की साझेदारी की। साई ने 29 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। अक्षर ने अजमतुल्लाह (1) को आउट कर गुजरात का तीसरा विकेट गिराया। रसिख को आखिरकार साई का विकेट मिल गया, लेकिन तब तक वह 39 गेंद में सात चौकों, दो छक्कों की मदद से 65 रन बना चुके थे।

### मिलर की पारी रोमांच के मोड़ पर ले गई

रसिख सलाम ने 15वें ओवर में शाहरुख (8) के रूप में गुजरात को पांचवां झटका दिया। विकेट के नजदीक खड़े पंत ने उनका अच्छा कैच लिया। 15 ओवर में गुजरात ने 5 विकेट पर 147 रन बनाए थे और उसे 30 गेंद में 78 रन की जरूरत थी, लेकिन कुलदीप ने तेवतिया (4) को पंत के हाथों कैच करा गुजरात को छठा झटका दिया। डेविड मिलर ने नोर्त्जे के 17वें ओवर में तीन छक्के, चौका लगाकर न सिर्फ 24 रन बटोरे बल्कि 21 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा कर लक्ष्य 18 गेंद में 49 रन कर दिया। हालांकि मिलर अगले ओवर में मुकेश की गेंद पर आउट हो गए। उन्होंने 23 गेंद में 55 रन बनाए। साई किशोर (13) ने 19वें ओवर में रसिख पर लगातार दो छक्के लगाए, लेकिन अगली गेंद पर वह बोल्ड हो गए।

## स्क्वाश खिलाड़ी सौरव घोषाल ने पेशेवर सर्किट को अलविदा कहा



**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बेहतरीन पुरुष स्क्वाश खिलाड़ी सौरव घोषाल ने पेशेवर सर्किट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है, लेकिन वह अगले कुछ समय तक बहु-खेल स्पर्धाओं वाले आयोजन में भारत का प्रतिनिधित्व करते रहेंगे। पेशेवर सर्किट में 22 साल तक खेलने वाले घोषाल ने इंचियोन और हांगझू एशियाई खेलों की टीम स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक जीते थे। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में तीन पदक जीते हैं। सौरव घोषाल ने ग्लासगो में 2022 विश्व युगल चैंपियनशिप में मिक्स्ड डबल्स वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। घोषाल ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट डालकर संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने लिखा, मैंने 22 साल पहले पीएसए विश्व टूर पर अपनी यात्रा शुरू की थी। उस समय मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं इतने लंबे समय तक पेशेवर स्क्ववाश खेलूंगा। जब मैंने दुनिया भर में यात्रा की और कुछ बड़े मंचों पर खेलते हुए मैंने सोचा कि यह कभी खत्म नहीं होगा, लेकिन हर चीज का अंत होता है। यह पोस्ट लिखते समय मैं भावनाओं से भरा हुआ हूं। यह खेल इतने वर्षों से मेरा जुनून, मेरी आजीविका और मेरी पहचान रहा है, इसलिए गर्व और दुख की मिश्रित भावनाओं के साथ मैं पीसीए से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं। कोलकाता में जन्में घोषणा दुनिया के शीर्ष-10 में पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने अप्रैल 2019 में करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की थी और छह महीने तक उसे बनाए रखने में सफल रहे थे। घोषाल ने 2003 में पीएसए में डेब्यू करने के बाद से 18 फाइनल में पहुंचकर 10 पीएसए खिताब जीते हैं। उन्होंने पीएसए टूर पर अपने 511 मैचों में से 281 जीते हैं। घोषाल के नाम 13 राष्ट्रीय खिताब जीतने का रिकॉर्ड भी है।

## भारत की महिला फुटबॉल टीम की कोच बनने को तैयार चाओबा देवी



**नई दिल्ली।** आईएम विजयन की अगुवाई वाली अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) की तकनीकी समिति ने बुधवार को पूर्व खिलाड़ी लांगम चाओबा देवी के नाम की सिफारिश राष्ट्रीय महिला फुटबाल कोच पद के लिए की है जिससे वह इस पद की जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं। देवी (51 वर्ष) ने 1999 एशियाई चैंपियनशिप में राष्ट्रीय टीम की कप्तानी की थी। वह भारतीय टीम की सहायक कोच भी रह चुकी हैं। मणिपुर की इस खलाड़ी ने 1998 बैंकॉक एशियाई खेलों में भी देश का प्रतिनिधित्व किया था। एआईएफएफ ने कहा, काफी सोच विचार के बाद समिति ने एल चाओबा देवी के नाम की सिफारिश भारतीय सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच पद के लिए की है। देवी पूर्वोत्तर की एकमात्र महिला कोच हैं जिनके पास एएफसी का ए लाइसेंस कोचिंग प्रमाण पत्र है। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति इस सिफारिश को अगली बैठक में मंजूरी देगी। सिफारिश का मतलब लगभग नियुक्ति तय होना है। समिति ने प्रिया पीवी और रोनीबाला चानू के नाम की सिफारिश क्रमशः सहायक और गोलकीपिंग कोच के पद के लिए की है। समिति ने पुरुष अंडर-16 और अंडर-19 टीम के कोच की नियुक्ति पर भी चर्चा के बाद कुछ नामों की सिफारिश की।

## 25 अप्रैल 2024 का राशिफल

**मेष राशि:-** आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। किसी पैतृक संपत्ति संबंधित मामले में आपको जीत मिलेगी। बिजनेस में किसी को साझेदार बनाने से बचना होगा, नहीं तो समस्या हो सकती है। यदि आप किसी यात्रा पर जाएं, तो उसमें प्लानिंग करके जाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**वृष राशि:-** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है, लेकिन आप किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचें। विदेश में रह रहे किसी परिजन से आपको फोन के जरिए कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है।

**मिथुन राशि:-** आज का दिन आपके लिए मेहनत और लगन से काम करने के लिए रहेगा। आप अपनी व्यवसाय को बढ़ाने के लिए पूरी मेहनत करेंगे। अपनी आर्थिक स्थिति को भी आसानी से मजबूत कर पाएंगे। आपको बिजनेस में पूरा ध्यान देना होगा।

**कर्क राशि:-** आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में यदि कोई मतभेद चल रहा था, तो वह दूर होगा और दोनों सुकून भरे पल व्यतीत करेंगे।

**सिंह राशि:-** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी, जिसे देखकर आपको खुशी होगी। संतान को यदि आप कोई सलाह देंगे, तो वह उस पर अमल अवश्य करेंगे। माता-पिता से किसी किए हुए वादे को पूरा करने को लेकर आपको अधिक मेहनत करनी होगी, तभी वह पूरा हो सकता है।

**कन्या राशि:-** आज का दिन आपके लिए किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए रहेगा, जिससे घर में रौनक लगी रहेगी। यदि आपकी सेहत में कुछ गिरावट चल रही थी, तो उसमें आपके कष्टों में कमी हो सकती है।

**तुला राशि:-** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। पारिवारिक रिश्तों में चल रहे अनुबंध दूर होंगे और रिश्तों में मजबूती आएगी, लेकिन आप किसी काम को भाग्य के भरोसे ना छोड़े, नहीं तो आपको उसे पूरा करने में समस्या होगी।

**वृश्चिक राशि:-** आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आप ऊर्जा से भरे रहने के कारण पूरे जोश में रहेंगे और आपकी कार्य कुशलता का भी आपको पूरा लाभ मिलेगा।

**धनु राशि:-** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने किसी परिजन की सेहत को लेकर चिंतित रहेंगे। आपको किसी काम में आ रही समस्या को लेकर अपने पिताजी से बातचीत करनी होगी। परिवार के सदस्यों का आपको पूरा साथ मिलेगा।

**मकर राशि:-** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपकी मानसिक शांति भंग होने के कारण आप थोड़ा परेशान रहेंगे। संतान की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपके आसपास का माहौल आनंदमय रहेगा और आप किसी योजना में धन लगाने के लिए सोच विचार कर सकते हैं।

**कुंभ राशि:-** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपके मन में कुछ कामों को लेकर उथल-पुथल बनी रहेगी, इसलिए आप का व्यवहार भी थोड़ा उखड़ा रहेगा। सरकारी नौकरी से जुड़े लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**मीन राशि:-** आज का दिन आपके मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों यदि कार्यक्षेत्र में कोई सुझाव देंगे, तो वह उसे पर अमल अवश्य करेंगे।

# रसोई से दूर रखें ज्वलनशील पदार्थ

## आईओसीएल ने एलपीजी सुरक्षा अभियान के तहत उपभोक्ताओं को किया जागरुक

एनएनआई

**आगरा।** आग के खतरों को कम करने के लिए ज्वलनशील पदार्थों को रसोई से दूर रखें। डीपीआर लीक होने या क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में वे अपने इंडेन वितरक से बदल सकते हैं। आईओसीएल ने यह सलाह उपभोक्ताओं को सुरक्षा अभियान के तहत दी। उपभोक्ता सुरक्षा और जागरूकता को प्राथमिकता देने के लिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने एलपीजी गैस सिलेंडर के उपयोग के लिए बुनियादी सुरक्षा जांच अभियान शुरू किया है। उपभोक्ताओं को आवश्यक सुरक्षा उपायों के बारे में शिक्षित करने के उद्देश्य से थापर गैस सर्विस के वितरक ललित मल्होत्रा के साथ आगरा इंडेन मंडल कार्यालय से आईओसीएल अधिकारी ब्रज किशोर वर्मा, प्रबंधक (एलपीजी-सेल्स) और भूपेन्द्र कुमार, सहायक प्रबंधक की मौजूदगी में वितरण कर्मियों के साथ सीता नगर क्षेत्र में यह जागरुकता अभियान शुरू किया गया। इसमें शैक्षिक प्रयासों के माध्यम से आईओसीएल का लक्ष्य उपभोक्ताओं को एलपीजी के दैनिक उपयोग में सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए आवश्यक ज्ञान कराने के साथ जागरूक करना है। इन सरल और महत्वपूर्ण सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन करके उपभोक्ता अपने व परिवार की भलाई के लिए दुर्घटनाओं के जोखिम कम कर सकते हैं। एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट इकाई के रूप में आईओसीएल अपने मूल्यवान उपभोक्ताओं के हितों और कल्याण की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है।



### सिलेंडर को सीधी स्थिति में रखना

सुरक्षा के नजरिए से सिलेंडर को सीधी स्थिति में रखना आवश्यक है। संभावित रिसाव या दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एलपीजी स्टोव को सिलेंडर के स्तर से ऊपर एक स्थिर प्लेटफॉर्म पर रखना चाहिए। आईओसीएल का उपयोग इष्टतम गैस प्रवाह और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किए गए मानक नियामक (डीपीआर) प्रदान करता है। उपभोक्ताओं को सलाह दी जाती है कि डीपीआर लीक होने या क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में वे अपने इंडेन वितरक से बदल सकते हैं।

### आपातकाल में लेंग हेल्पलाइन की मदद

एलपीजी रिसाव की आपातस्थिति के मामले में संपर्क करने के लिए ग्राहकों को 1906 आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूक किया गया।

## सांसद नवीन जैन ने मोदी की सभा को दिए वीआईपी पास

**आगरा (एनएनआई)।** राज्यसभा सदस्य नवीन जैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा के लिए बल्केश्वर और कमलानगर में जनसंपर्क किया। साथ ही आम नागरिकों को पत्रक और सभा के वीआईपी पास बांटे। यहां से सभा में छह हजार लोगों को ले जाने का लक्ष्य रखा गया है।



## बच्चे मोबाइल पर पढ़ें महापुरुषों की जीवनी: डॉ. मिश्रा

- लवकुश विद्यालय का धूमधाम से मनाया गया 28वां वार्षिकोत्सव
- विद्यार्थियों ने दीं रंगारंग प्रस्तुतियां, मेधावियों को किया गया पुरस्कृत

एनएनआई

**आगरा।** बच्चे अपने मोबाइल पर महापुरुषों की जीवनियां पढ़ें और उनका अनुकरण करें। यह आह्वान बल्केश्वर स्थित लव कुश विद्यालय के 28वें वार्षित्सव में डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि में पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन विभाग के अध्यक्ष प्रो. लव कुश मिश्रा ने बतौर मुख्य अतिथि किया। उन्होंने कहा कि हर बात में अच्छी बात देखी जा सकती है। मोबाइल का दुरुपोयग नहीं, सदुपयोग करें, तभी जीवन सफल हो सकता है। उन्होंने कहाकि विद्यार्थियों में प्रतिभा छिपी रहती है, उसे उभारने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि पार्षद हरीओम गोयल बाबा ने कहाकि बच्चों को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करके एकाग्रचित्त होकर अध्ययन में जुटे रहना चाहिए, तभी उनका भविष्य बनेगा। विशिष्ट अतिथि आदर्श नंदन गुप्ता कहाकि विगत दशकों से बच्चों की मानसिकता में बदलाव आया है, उनका दृष्टिकोण बहुत अच्छा हुआ है। वे अच्छा सोचते हैं, इसलिए उनका भविष्य सुंदर है। इस मौके पर विद्यार्थियों ने मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की प्रबंधक नूपुर पचौरी ने विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। निवेदिता शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन अतुल शर्मा ने किया। व्यवस्थाएं नीतू अग्रवाल, खुशी, मनीषा शर्मा, हितेष, रितेश, राम बहादुर यादव आदि ने संभालीं।



